हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, सोमवार, 30 दिसंबर 2024 | अंक 78/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



**शिवशंकर आयुर्वेदिक**

**क्या आप स्वास्थ से परेशान हो ?**

* सर्दी खासी सिनेमाईटिस * ॲलर्जिक राईनिटिस * क्रॉनिक ब्रॉन्काईटिस
* इसिनोफिलीया * ब्रॉनकियल बॉनकाईटस * कॉर्पुलमानेल (कार्डियल)

पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन : 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# विमान हादसे में सिर्फ 2 लोग ही बच सके जिंदा

## कुल 181 यात्री सवार थे, 179 लोगों की हुई मौत

**सियोल.**



दक्षिण कोरिया के भीषण विमान हादसे में मौतों का आंकड़ा अब 179 पहुंच गया है। विमान में कुल 181 यात्री सवार थे। इसमें से सिर्फ 2 लोग ही जीवित बच सके हैं। उनकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। यह हादसा साउथ कोरिया के मुआन हवाई अड्डे पर रविवार को उस वक्त हुआ, जब विमान का लैंडिंग गियर उतरते फेल हो गया और अचानक वह दीवार की फेंसिंग से टकरा गया। इससे यात्री विमान में आग लग गई। इस घटना में कम से कम 167 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि यह देश में अब तक हुए सबसे वीभत्स हवाई हादसों में से एक है। देश की राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी ने बताया कि बचाव दल मुआन शहर स्थित इस हवाई अड्डे पर 'जेजू एयर' यात्री विमान से लोगों को निकालने की कोशिश में जुटा हुआ है। विमान में 181 यात्री सवार थे। परिवहन मंत्रालय ने बताया कि विमान 15 वर्ष पुराना बोइंग 737-800 जेट था, जो बैंकॉक से लौट रहा था और दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजकर तीन मिनट पर हुई। अग्निशमन एजेंसी ने बताया कि आग लगने की घटना में कम से कम 167 लोगों की मौत हो गई। एजेंसी के मुताबिक, मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है क्योंकि घटना के करीब छह घंटे बाद भी विमान में सवार बाकी लोग लापता हैं।

टक्कर के बाद आग का गोला बन गया विमान बचाव दल ने दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, जो चालक दल के सदस्य थे। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि वे होश में हैं। अग्निशमन एजेंसी ने आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 32 गाड़ियों और कई हेलीकॉप्टर तैनात किए। एजेंसी के मुताबिक, करीब 1,560 अग्निशमन कर्मी, पुलिस अधिकारी, सैनिक और अन्य अधिकारी भी घटनास्थल पर हैं। वाईटीएन टेलीविजन द्वारा प्रसारित एक फुटेज में 'जेजू एयर' विमान हवाई पट्टी पर फिसलकर एक कंक्रीट की दीवार से टकराता हुआ दिखता है। अन्य स्थानीय टीवी चैनलों द्वारा प्रसारित वीडियो में विमान से काले धुएं का गुबार निकलता दिखा। मुआन अग्निशमन केंद्र के प्रमुख ली जियोंग-ह्योन ने संवाददाताओं से कहा कि विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया है और मलबे के बीच केवल 'टेल असेंबली' ही पहचानी जा सकती है।

### हादसे के कारणों की हो रही जांच

ली ने बताया कि कर्मचारी दुर्घटना के कारणों के बारे में विभिन्न संभावनाओं की जांच कर रहे हैं। इसमें विमान के पक्षियों से टकराने के पहलू की भी जांच की जा रही है। परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि संचार रिकॉर्ड के उनके शुरुआती आकलन से पता चला कि हवाई अड्डे के नियंत्रण टॉवर ने विमान को उतरने से कुछ समय पहले पक्षियों के टकराने की चेतावनी जारी की और पायलट को एक अलग क्षेत्र में उतरने की अनुमति दी। अधिकारियों ने कहा कि पायलट ने दुर्घटना से पहले संकट संकेत भेजा था। परिवहन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी जू जोंग-वान ने बताया कि कर्मचारियों ने विमान के ब्लैक बॉक्स से फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर को निकाल लिया है और 'कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डिंग' उपकरण की तलाश की जा रही है। मुआन में आपातकालीन अधिकारियों ने कहा कि विमान के 'लैंडिंग गियर' में खराबी आ गई थी।

# विमानतल से जुड़े कामों में लाएं तेजी: मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस



**मुंबई.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में कहा कि राज्य में हवाई यातायात को बढ़ावा देने के लिए हवाई अड्डों के विकास और विस्तार पर जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार की उड़ान योजना के साथ हवाई अड्डों के विस्तार, रात्रि लैंडिंग सुविधाओं, रनवे की लंबाई में वृद्धि और यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने रत्नागिरी, शिरडी, अमरावती (बेलोरा), कराड, सोलापुर, गढ़चिरौली जैसी हवाईअड्डा परियोजनाओं की समीक्षा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने रिलायंस कंपनी के स्वामित्व वाले हवाई अड्डों को राज्य के नियंत्रण में लाने और नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की अनुबंध प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिये।

## बालिका उत्पीड़न और हत्या मामले में उज्ज्वल नियुक्त



**मुंबई.**

कल्याण में बाल शोषण और हत्या मामले में मशहूर वकील उज्ज्वल निकम को नियुक्त किया गया है. मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने शनिवार को उज्ज्वल निकम को ठाणे पुलिस कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश दिया है। फड़णवीस ने एक महीने के भीतर आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल करने के भी निर्देश दिए हैं. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उज्ज्वल निकम ने कहा,समाज में घटित होने वाली ऐसी घटनाओं को लेकर आत्ममंथन की जरूरत है. ऐसे अपराध में तुरंत सजा और त्वरित निष्पादन ही ध्यान में रखना होता है। उज्ज्वल निकम ने जानकारी दी है कि कल्याण के अपराध में पुलिस की जांच के बाद जल्द ही मामला शुरू किया जाएगा. जिस रिक्शा से आरोपी विशाल गवली ने नाबालिग लड़की का अपहरण किया और उसके साथ दुष्कर्म किया, उसे अब पुलिस ने जब्त कर लिया है. हत्या के आरोपियों ने बच्चे के शव को ठिकाने लगाने के लिए उसी रिक्शे का इस्तेमाल किया था.

इस वक्त शव के पीछे उसकी पत्नी बैठी हुई थी. इस मामले में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है. इस बीच हत्यारा विशाल गवली बीजेपी कार्यकर्ता बताया जा रहा है. उसके खिलाफ पहले भी कई अपराध दर्ज हो चुके हैं. पूर्व नगरसेवक महेश गायकवाड़ का आरोप है कि यहां के पूर्व विधायकों ने समय-समय पर उनकी मदद की और उनका समर्थन किया. हालांकि, बीजेपी ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है. विशाल गवली का बीजेपी से कोई संबंध नहीं है. बीजेपी के कल्याण जिला अध्यक्ष नरेंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि बीजेपी का कोई सक्रिय कार्यकर्ता कभी नहीं रहा.

# दिल्ली में वोटकटवा है बीजेपी: केजरीवाल

**नई दिल्ली.**



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर वोट काटने की साजिश का आरोप लगाया है. केजरीवाल ने कहा कि मेरी सीट पर 5 फीसदी वोट डिलिट कराए जा रहे हैं और 7.5 फीसदी वोट जोड़े जा रहे हैं. अगर 12 फीसदी वोट इधर से उधर हो गए तो चुनाव कराने का कोई मतलब नहीं है. दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाया है. केजरीवाल ने कहा है कि बीजेपी दिल्ली में वोट कटवा रही है. जो सही मतदाता हैं, उनके वोट काटने की साजिश हो रही है. उन्होंने कहा कि मेरे नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में इनका (बीजेपी का) 'ऑपरेशन लोटस' 15 दिसंबर से चल रहा है.

उन्होंने कहा कि इन 15 दिनों में इन्होंने लगभग 5000 वोटों को डिलिट करने और 7500 वोटों को जोड़ने के लिए आवेदन किया है. 'मेरी सीट पर 5% वोट डिलिट कराए जा रहे हैं', केजरीवाल ने कहा कि मैं आपलोगों के जानकारी के लिए बता दूं कि मेरी विधानसभा में टोटल वोट 1 लाख 6 हजार है. इसमें से 5 फीसदी वोट ये डिलिट करवा रहे हैं और 7.5 फीसदी वोट ये जुड़वा रहे हैं तो फिर चुनाव कराने की जरूरत ही क्या है. अगर ये 12 फीसदी वोट इधर से उधर कर देंगे तो फिर चुनाव में बचा ही क्या है. एक ही विधानसभा में 11 हजार वोट काटे गए. केजरीवाल ने कहा कि देश में चुनाव के नाम पर एक तरह का खेल चल रहा है. सरेआम बदमाशी हो रही है. 'भाजपा बेईमानी से चुनाव चुनाव जीतना चाहती है', अरविंद केजरीवाल ने चुनाव अधिकारी को पत्र लिखकर मतदाता आवेदनों में असामान्य वृद्धि पर चिंता जताई है. केजरीवाल ने कहा कि भाजपा बेईमानी से चुनाव लड़कर किसी भी तरह से चुनाव जीतना चाहती है. लेकिन, दिल्ली की जनता ऐसा नहीं होने देगी. हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में उन्होंने जो हथकंडे अपनाए थे. हम उन्हें उस हथकंडे का इस्तेमाल करके यहां जीतने नहीं देंगे.

### केजरीवाल ने चुनाव अधिकारियों को दी चेतावनी

केजरीवाल ने चुनाव अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आपके ऊपर बहुत दबाव आएगा, दस्तखत आपको करना है, फाइलों में दस्तखत सालों साल रहेंगे, जब कभी सरकार बदलेगी. फाइल में आपके ही साइन मिलेंगे. दबाव बनाने वाले उस वक्त नहीं रहेंगे. दिल्ली में फरवरी में विधानसभा का चुनाव है.

# छात्रों को रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल, लाठीचार्ज भी किया



**पटना.** बिहार लोकसेवा आयोग का पेपर लीक मामला अब तूल पकड़ता दिख रहा है। इसे लेकर आज छात्र पटना के गांधी मैदान में जुटे हुए हैं और लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच छात्रों के प्रदर्शन में जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर भी शामिल हुए हैं। बता दें कि छात्र सीएम आवास का घेराव करने वाले हैं। छात्र लगातार सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात करने की मांग कर रहे हैं। इससे पहले पटना जिला प्रशासन ने आयोग के अधिकारियों से बातचीत की पेशकश की थी, लेकिन इसे छात्रों ने ठुकरा दिया था। छात्रों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल वहीं प्रदर्शन पर अड़े छात्रों को रोकने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। इसके बाद भी छात्र नहीं मानें तो उनपर वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे छात्र सीएम आवास की ओर आगे बढ़ रहे थे, जिन्हें रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया है। छात्रों के साथ प्रशांत किशोर भी मौजूद वहीं अब पटना के गांधी मैदान में हजारों की संख्या में छात्र जुटे हुए हैं और सीएम आवास की ओर आगे बढ़ रहे हैं। छात्रों को रोकने के लिए भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है और जगह-जगह पर बैरिकेडिंग भी की गई है। इस बीच छात्रों ने गांधी मैदान के करीब जेपी गोलम्बर के पहले लगी बैरीकेडिंग को तोड़ दिया और अब आगे बढ़ रहे हैं। वहीं इसके 100 मीटर के आगे ही होटल मौर्या के पास एक और बैरीकेडिंग बनाई हुई है, जहां छात्रों को रोका गया है। जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर भी यहीं पर मौजूद थे। छात्रों से मिलेंगे मुख्य सचिव, इस दौरान जन सूराज प्रमुख प्रशांत किशोर ने कहा, "सरकार के प्रशासनिक अधिकारी यहां मौजूद थे, उन्होंने हमारे साथियों से बात की है और आश्वासन दिया है कि सरकार अभ्यर्थियों की मांगों पर चर्चा के लिए तैयार है।

## 9वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस का समापन

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 9वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस के समापन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने तीन राष्ट्रीय आयुष संस्थानों का भी उद्घाटन किया। तीन संस्थान – अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), गोवा, राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान (एनआईयूएम), गाजियाबाद और राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान (एनआईएच), दिल्ली – अनुसंधान और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत करेंगे और लोगों के लिए सस्ती आयुष सेवाओं की सुविधा भी प्रदान करेंगे।

इन संस्थानों को लगभग 970 करोड़ रुपये की कुल लागत से विकसित किया गया है। इनके माध्यम से, अस्पताल के बिस्तरों की संख्या में लगभग 500 की वृद्धि होगी और छात्रों के प्रवेश में भी लगभग 400 की वृद्धि होगी।

# संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा: पीएम



**नई दिल्ली.**

पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 117 वें एपिसोड में कहा कि वर्ष 2025 में 26 जनवरी को देश में संविधान को लागू हुए 75 साल होने जा रहे हैं जो हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है वह समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए गाइडिंग लाइट है और हमारा मार्गदर्शक है।

उन्होंने कहा कि संविधान की विरासत से जोड़ने के लिए constitution75.com नाम से एक खास वेबसाइट भी बनाई गई है। इसमें आप संविधान की प्रस्तावना पढ़कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं। अलग-अलग भाषाओं में संविधान को पढ़ने के साथ ही संविधान से जुड़े सवाल भी पूछ सकते हैं। पीएम मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया वे इस वेबसाइट को जरूर देखें और इसका हिस्सा बनें। अनेकता में एकता का दृश्य, पीएम मोदी ने महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी विशेषता केवल इसकी विशालता में नहीं है बल्कि इसकी विविधता में भी है।

इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परंपराए, सैकड़ों संप्रदाय, अनेक अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बन सकता है। कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है। कोई बड़ा छोटा नहीं होता है। अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा पहली बार कुंभ के आयोजन में AI cahtbot का प्रयोग होगा। AI cahtbot के माद्यम से 11 भारतीय भाषाओं में कुंभ से जुड़ी हर तरह की जानकारी हासिल की जा सकेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "डिजिटल नेविगेशन की मदद से आप महाकुंभ 2025 में विभिन्न घाटों, मंदिरों और साधुओं के अखाड़ों तक पहुंच सकेंगे। यही नेविगेशन सिस्टम आपको पार्किंग स्थलों तक पहुंचने में भी मदद करेगा।

पूरे मेला क्षेत्र को AI संचालित कैमरों से कवर किया जा रहा है। कुंभ के दौरान अगर कोई अपने परिजनों से बिछड़ जाता है तो ये कैमरे उसे ढूंढने में मदद करेंगे। श्रद्धालुओं को डिजिटल खोया-पाया केंद्र की सुविधा भी मिलेगी."

### बस्तर में जन्म ले रही है एक नई क्रांति

पीएम मोदी ने कहा, "बस्तर में एक अनूठा ओलिंपिक शुरू हुआ है! जी हाँ, पहली बार हुए बस्तर ओलिंपिक से बस्तर में एक नई क्रांति जन्म ले रही है। मेरे लिए ये बहुत ही खुशी की बात है कि बस्तर ओलिंपिक का सपना साकार हुआ है। आपको भी ये जानकार अच्छा लगेगा कि यह उस क्षेत्र में हो रहा है, जो कभी माओवादी हिंसा का गवाह रहा है। बस्तर ओलिंपिक का शुभंकर है 'वन भैंसा' और 'पहाड़ी मैना'। इसमें बस्तर की समृद्ध संस्कृति की झलक दिखती है।"

### राज कपूर और मोहम्मद रफी को किया याद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "राज कपूर जी ने फिल्मों के माध्यम से दुनिया को भारत की सॉफ्ट पावर से परिचित कराया। रफी साहब की आवाज में वो जादू था जो हर दिल को छू जाता था। भक्ति गीत हों या रोमांटिक गाने, दुख भरे गाने, उन्होंने अपनी आवाज से हर भावना को जीवंत कर दिया। अक्किनेनी नागेश्वर राव गारू ने तेलुगु सिनेमा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी फिल्मों ने भारतीय परंपराओं और मूल्यों को बहुत अच्छे से प्रस्तुत किया। तपन सिन्हा जी की फिल्मों ने समाज को एक नई दृष्टि दी..."



## भारत बहुत भाग्यशाली नहीं



**नई दिल्ली.** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि बॉर्डर के मामले में भारत बहुत भाग्यशाली नहीं है। देश को बाहरी और आंतरिक दोनों तरफ से खतरों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सेना को हमेशा सतर्क रहना होगा। दुश्मन हमेशा सक्रिय रहते हैं। रक्षा मंत्री इंदौर की महू छावनी में सेना के जवानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान सैन्यकर्मियों से आंतरिक और बाहरी दुश्मनों पर पैनी नजर रखने की अपील भी की। इससे पहले राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के साथ महू में डॉ. भीमराव आंबेडकर के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन में महाराष्ट्र का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ



**मुंबई.** घर की छतों पर सौर ऊर्जा उत्पादन पैनल लगाकर बिजली पैदा करने की योजना में महाराष्ट्र ने पिछले चार वर्षों में अच्छा प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन के फलस्वरूप केन्द्र सरकार से 260 करोड़ 91 लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है। यह जानकारी महावितरण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक लोकेश चंद्रा ने दी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 300 यूनिट तक बिजली दी घरेलू उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली प्रदान करने और अधिशेष बिजली बेचकर आय उत्पन्न करने के लिए प्रधान मंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने महावितरण को इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने का निर्देश दिया है। साथ ही छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन योजना के कार्यान्वयन के लिए महादिस्ट्रान को जिम्मेदारी दी गई है।, प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के मानदंड क्या हैं? केंद्र सरकार छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन में स्थापित घरों की संख्या और बिजली उत्पादन क्षमता के संदर्भ में प्रत्येक राज्य के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है। साथ ही, पिछले वर्ष की तुलना में चालू वर्ष के प्रदर्शन के अनुसार, केंद्र सरकार बिजली वितरण मूल्य निर्धारण के सफल कार्यान्वयन के लिए प्रोत्साहन राशि को मंजूरी देती है। इस प्रदर्शन में केंद्र सरकार की ओर से महाराष्ट्र को वित्तीय वर्ष 2019-20 में 59 करोड़ रुपये और वित्तीय वर्ष 2020-21 में 37 करोड़ रुपये दिए गए हैं. वित्तीय वर्ष 2021-22 में राज्य के प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 69 करोड़ 47 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है.

वित्तीय वर्ष 2022-23 में 94 करोड़ 91 लाख स्वीकृत, वित्तीय वर्ष 2023-24 में पिछले वर्ष से बेहतर प्रदर्शन केंद्र सरकार से 137 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलने की उम्मीद है. राज्य में अब तक 2,37,656 बिजली उपभोक्ताओं ने छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन संयंत्र स्थापित किये हैं, जिनकी कुल क्षमता 2738 मेगावाट है। इसमें प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 81,938 ग्राहक शामिल हैं और इसकी कुल क्षमता 323 मेगावाट है। इन ग्राहकों को 647 करोड़ रुपये की सब्सिडी मंजूर की गई है. प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार से सीधे सब्सिडी मिलती है।

1 किलोवाट क्षमता के प्रोजेक्ट के लिए 30 हजार रुपये, 2 किलोवाट क्षमता के लिए 60 हजार रुपये और 3 किलोवाट क्षमता के लिए 78 हजार रुपये। इसके अलावा, महावितरण ने इस योजना के तहत घरेलू बिजली खपत के लिए सौर ऊर्जा उत्पादन पैनल स्थापित करने वाले ग्राहकों को मुफ्त नेट मीटर प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए वेबसाइट https://www.pmsuryagarh.gov.in पर पंजीकरण कराया जा सकता है।

## मछुआरों की बोट और कार्गो शिप की हुई टक्कर



**मुंबई.** मुंबई के पास समंदर में एक और बोट हादसा हो गया। इस हादसे में मछुआरों की बोट एक कार्गो शिप से जा टकराई। हालांकि इस हादसे में फिलहाल किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। कार्गो शिप से शनिवार देर रात मछुआरों की एक बोट जा टकराई। यह हादसा रात लगभग12 बजे के आसपास हुआ। नेवी और कोस्ट गार्ड की टीम ने किया रेस्क्यू, कार्गो शिप से टक्कर के बाद मछुआरों की बोट समंदर में डूबने लगी। मछुआरों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। आसपास मौजूद मछुआरों की बोट डूबते नाव को बचाने के लिए पहुंचीं। वहीं इस घटना की जानकारी मिलते ही नेवी और कोस्ट गार्ड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद तेजी से राहत और बचाव का काम शुरू किया गया। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक मछुआरों के डूबते बोट पर सहायता के लिए नवी और कोस्ट गार्ड की टीम कल रात से ही काम कर रही है। अभी तक इस पूरे घटनाक्रम में किसी के भी हताहत या घायल होने की कोई जानकारी नहीं है।

# डाक विभाग को मुनाफे में लाएगी सरकार

नई दिल्ली.

## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पेश किया मास्टर प्लान, लॉजिस्टिक्स कंपनी बनने की योजना

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने डाक विभाग (डीओपी) को 2029 तक मुनाफे में लाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है. इस उद्देश्य को लेकर उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से पूंजीगत व्यय (कैपिटल एक्सपेंडिचर) के लिए फंड की मांग की है. इस योजना का उद्देश्य डाक विभाग को एक प्रॉफिटेबल लॉजिस्टिक्स कंपनी के रूप में स्थापित करना है. डाक विभाग अब पारंपरिक सर्विस प्रोवाइडर से आगे बढ़कर एक लॉजिस्टिक्स कंपनी बनने की दिशा में काम कर रहा है.



विभाग का लक्ष्य ग्राहकों को आधुनिक और कुशल सेवाएं प्रदान करना है. इसके तहत बेहतर बुनियादी ढांचा, डिजिटलाइजेशन और तकनीकी उन्नति पर ध्यान दिया जाएगा. अधिक ग्राहकों को जोड़ने के लिए उन्नत सेवाएं और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी. मौजूदा ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक संबंध बनाए रखने के लिए बेहतर अनुभव सुनिश्चित किया जाएगा.

सेवाओं को तेज, भरोसेमंद और किफायती बनाने के लिए परिचालन प्रक्रियाओं में सुधार किया जाएगा. हालांकि, डाक विभाग ने पूंजीगत व्यय की जो मांग रखी है, उसकी सटीक राशि का खुलासा अभी नहीं किया गया है. एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इस धन का उपयोग डाक विभाग को लॉजिस्टिक्स और पार्सल सेवाओं में अग्रणी बनाने के लिए किया जाएगा. डाक विभाग लंबे समय से घाटे में चल रहा है. इसकी पारंपरिक डाक सेवाओं की मांग में गिरावट आई है, जबकि डिजिटल युग में ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स सेवाओं की मांग बढ़ी है. इन चुनौतियों का सामना करने के लिए विभाग ने लॉजिस्टिक्स और पार्सल सेवाओं में विस्तार करने का निर्णय लिया है.

### वित्त मंत्री से सिंधिया ने की मुलाकात

सिंधिया ने अपनी टीम के साथ नई दिल्ली में वित्त मंत्री से मुलाकात की और डाक विभाग की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की. एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि डाक विभाग के मुनाफे की राह पर चर्चा के दौरान मंत्री और उनकी टीम ने वित्त मंत्री के समक्ष अपनी पूंजीगत व्यय मांगें रखीं. इस फंड का उपयोग परिचालन दक्षता बढ़ाने, ग्राहक आधार मजबूत करने और आधुनिक तकनीक अपनाने में किया जाएगा, जिससे डाक विभाग 2029 तक प्रॉफिटेबल की स्थिति में पहुंच सके.

# वोडाफोन ग्रुप ने 11,650 करोड़ का कर्ज चुकाया



नई दिल्ली.

ब्रिटेन स्थित वोडाफोन ग्रुप ने भारत की टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आईडिया लिमिटेड के शेयरों को गिरवी रखकर जुटाए गए करीब 11,650 करोड़ रुपए (10.9 करोड़ पाउंड) का कर्ज चुका दिया है। यह जानकारी कंपनी ने शेयर बाजार को दी। कर्ज जुटाने के लिए वोडाफोन समूह ने वोडाफोन आईडिया लिमिटेड में अपनी लगभग पूरी हिस्सेदारी गिरवी रखी थी। मॉरीशस और भारत स्थित वोडाफोन समूह की संस्थाओं द्वारा यह कर्ज जुटाया गया था। इसके लिए HSBC कॉर्पोरेट ट्रस्टी कंपनी के पक्ष में वोडाफोन आईडिया लिमिटेड के शेयर गिरवी रखे गए थे। कंपनी ने बताया कि कर्जदाताओं को बकाया राशि का भुगतान करने के बाद 27 दिसंबर, 2024 को HSBC कॉर्पोरेट ट्रस्टी कंपनी ने गिरवी रखे गए शेयरों को जारी कर दिया। वोडाफोन की वोडाफोन आईडिया लिमिटेड में हिस्सेदारी वर्तमान में वोडाफोन ग्रुप के पास वोडाफोन आईडिया में 22.56 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसके अलावा, आदित्य बिड़ला ग्रुप की हिस्सेदारी 14.76 प्रतिशत और भारत सरकार की हिस्सेदारी 23.15 प्रतिशत है। वोडाफोन ग्रुप ने वोडाफोन आईडिया लिमिटेड के शेयर गिरवी रखकर यह कर्ज इसलिए जुटाया था ताकि वह अपने अंतरराष्ट्रीय ऑपरेशंस को स्थिर रख सके। टेलीकॉम सेक्टर में वित्तीय दबाव और उच्च बकाया देनदारियों के चलते वोडाफोन समूह को यह कदम उठाना पड़ा। वोडाफोन आईडिया भारत की तीसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी है, लेकिन यह कंपनी वित्तीय दबाव और बाजार प्रतिस्पर्धा के चलते संघर्ष कर रही है। एजीआर बकाया और स्पेक्ट्रम शुल्क के कारण कंपनी पर भारी कर्ज का बोझ है। इसके अलावा, कंपनी को 5 जी सेवाओं में निवेश और उपभोक्ता आधार को बनाए रखने के लिए भी पूंजी की आवश्यकता है। वोडाफोन समूह की ओर से कर्ज चुकाने के इस कदम को एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। यह समूह अब अपने वित्तीय ढांचे को मजबूत करने और वैश्विक स्तर पर अपने अन्य व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करने की तैयारी कर रहा है।

# 2025 में टैक्स बचाने करें बड़ी बचत

नई दिल्ली.

हर नौकरीपेशा व्यक्ति को अपनी सैलरी का एक हिस्सा इनकम टैक्स के रूप में देना होता है। लेकिन अगर सही तरीके से टैक्स प्लानिंग की जाए, तो बड़ी रकम बचाई जा सकती है। 2025 का फाइनेंशियल ईयर अप्रैल से शुरू होगा, और अगर आप नए साल से ही टैक्स बचाने की योजना बनाते हैं, तो अगले साल भारी बचत कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि किन-किन तरीकों से आप टैक्स बचा सकते हैं। सेक्शन 80सी भारतीय टैक्सपेयर्स के बीच सबसे लोकप्रिय है। इसके तहत आप ₹.5 लाख तक की कटौती का लाभ ले सकते हैं। पब्लिक प्रोविडेंट फंड दीर्घकालिक बचत के लिए बेहतर विकल्प।

इएलएसएस फंड: म्यूचुअल फंड में निवेश का एक टैक्स-सेविंग विकल्प। सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के लिए बचत का शानदार जरिया। नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट गारंटीशुदा रिटर्न के साथ टैक्स बेनिफिट। धारा 80सी के तहत बच्चों की स्कूल या कॉलेज की ट्यूशन फीस पर ₹.5 लाख तक की कटौती का दावा किया



जा सकता है। घरेलू यात्रा पर किए गए खर्चों पर टैक्स छूट का दावा कर सकते हैं। हालांकि, यह लाभ उन्हीं को मिलता है जिन्हें नियोक्ता से एलटीए मिलता है अगर आप किराए के मकान में रहते हैं तो एचआरए पर टैक्स बचा सकते हैं। मेट्रो शहरों में सैलरी का 50% तक। नॉन-मेट्रो में सैलरी का 40% तक। सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों में दान करने पर छूट का लाभ उठाएं। ₹,000 से अधिक दान के लिए चेक या डिजिटल मोड से भुगतान जरूरी है। नए फाइनेंशियल ईयर से पहले, टैक्स बचाने के इन तरीकों को अपनाकर आप अपनी इनकम का बड़ा हिस्सा बचा सकते हैं। इन योजनाओं में निवेश करना न केवल आपको टैक्स से राहत दिलाएगा, बल्कि आपकी वित्तीय स्थिति को भी मजबूत करेगा। समझदारी से करें प्लानिंग, और टैक्स बचाने में बनें माहिर.

# नए साल में पीएफ के नियमों में होगा बदलाव

## लाखों कर्मचारियों पर पड़ेगा सीधा असर

नई दिल्ली.

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने नए साल 2025 के लिए अपने नियमों में बड़े बदलावों की घोषणा की है। ये बदलाव करोड़ों सब्सक्राइबर्स के लिए राहत और सहूलियत लेकर आएंगे। इनमें से कई नियम निजी और सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों को सीधे तौर पर प्रभावित करेंगे। इनका उद्देश्य पेंशन और भविष्य निधि को ज्यादा सुगम और लाभकारी बनाना है। आइए जानते हैं इन पांच बड़े बदलावों के बारे में।



ईपीएफओ ने सब्सक्राइबर्स को 24/7 फंड विड्रॉल की सुविधा देने के लिए एटीएम कार्ड जारी करने का निर्णय लिया है। यह सुविधा वित्तीय वर्ष 2025-26 से शुरू होने की उम्मीद है। नए एटीएम कार्ड के माध्यम से कर्मचारी अपने पीएफ अकाउंट से कभी भी पैसा निकाल सकेंगे। इससे सब्सक्राइबर्स को 7-10 दिनों तक बैंक ट्रांसफर का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यह सुविधा विशेष रूप से आपात स्थिति में फायदेमंद साबित होगी। ईपीएफओ अकाउंट में कर्मचारियों के योगदान को लेकर सरकार बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। वर्तमान में, कर्मचारी अपनी बेसिक सैलरी का 12% योगदान करते हैं। नया नियम लागू होने पर योगदान उनकी वास्तविक सैलरी के आधार पर तय किया जा सकता है, न कि मौजूदा 15,000 रुपये की सीमा के अनुसार। इससे कर्मचारियों को रिटायरमेंट तक बड़ा फंड इकट्ठा करने में मदद मिलेगी और उन्हें ज्यादा पेंशन मिलेगी।

ईपीएफओ अपने आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत और आधुनिक बना रहा है। अपग्रेड के बाद सब्सक्राइबर्स आसानी से क्लेम कर सकेंगे और उनकी जमा राशि तेजी से सेटल होगी। पारदर्शिता बढ़ेगी और धोखाधड़ी के मामलों में कमी आएगी। यह अपग्रेड जून 2025 तक पूरा होने की संभावना है। इस नई तकनीक से लाखों कर्मचारियों और पेंशनर्स को समय और ऊर्जा की बचत होगी।

ईपीएफओ अब अपने सब्सक्राइबर्स को इक्विटी में निवेश करने की सुविधा देने पर विचार कर रहा है। यह कदम कर्मचारियों को उनके फंड पर बेहतर रिटर्न का विकल्प देगा। सीधे इक्विटी में निवेश से सब्सक्राइबर्स हाई रिटर्न की उम्मीद कर सकते हैं।

यह खासतौर पर उन कर्मचारियों के लिए उपयोगी होगा जो लंबी अवधि तक निवेश बनाए रखना चाहते हैं। पेंशन विड्रॉल में आसानी ईपीएफओ ने पेंशनर्स के लिए पेंशन निकालने की प्रक्रिया को सरल बनाने का फैसला किया है। पेंशनर्स अब बिना किसी अतिरिक्त वेरिफिकेशन के देश के किसी भी बैंक से अपनी पेंशन निकाल सकेंगे। इससे उनका समय बचेगा और प्रक्रिया में आसानी होगी।

# कितना महंगा या सस्ता हुआ किचन का सामान

**नई दिल्ली.** साल खत्म होने को है. देश में महंगाई असर अभी भी लोगों को महसूस हो रही है. खासकर किचन के सामन के दाम बढ़े हुए हैं. बीते 3 महीनों की बात करें तो आटा, दाल और चावल औसत कीमतों में इजाफा देखने को मिला है. वहीं खाने के तेल में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है. वहीं दूसरी ओर आलू प्याज टमाटर की कीमत में बड़ी गिरावट है. मिनिस्टी ऑफ कंज्यूमर अफेयर की वेबसाइट के अनुसार दालों की औसत कीमतों में 7 रुपए से लेकर 25 रुपए प्रति किलोग्राम का इजाफा देखने को मिला है. जबकि खाने के तेल की औसत कीमत में 14 रुपए से लेकर 23 रुपए तक की बढ़ोतरी देखी गई है. जबकि बीते 3 महीनों में आलू, प्याज, टमाटर की औसत कीमत में 2 रुपए से लेकर 12 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट देखी गई है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर किचन के सामान से जुड़े हुए सामन किमतों में कितना इजाफा और कितनी गिरावट देखने को मिली है? बीते तीन महीनों में आटा और दाल की कीमतों में तेजी देखने को मिली है. पहले बात गेहूं की की करें तो तीन महीने में 1.28 रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी देखने को मिली है. जबकि गेहूं के आटे की कीमत में 1.57 रुपए की तेजी देखी गई है. वहीं चावल की कीमतें फ्लैट ही देखने को मिली है.

# नए साल का पहला हफ्ता करेगा बाजार की दिशा तय

**नई दिल्ली.** भारतीय शेयर बाजार के निवेशकों के लिए नया साल 2025 का पहला हफ्ता कई आर्थिक संकेतकों और अंतरास्ट्रीय घटनाक्रमों के आधार पर बाजार की दिशा तय करेगा। पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स, ऑटोमोबाइल बिक्री के आंकड़े और बैंक लोन ग्रोथ के साथ-साथ अंतरास्ट्रीय बाजारों में चल रही हलचल भारतीय शेयर बाजार पर गहरा असर डाल सकती है। पिछले हफ्ते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में मजबूती देखने को मिली। सेंसेक्स ने 657 अंकों (0.84%) की तेजी के साथ 78,699 पर और निफ्टी ने 225 अंकों (0.96%) की बढ़त के साथ 23,813 पर बंद किया। फॉर्मा और हेल्थकेयर सेक्टर इस दौरान सबसे अधिक लाभ कमाने वाले इंडेक्स रहे। बीते कारोबारी सत्रों में घरेलू और विदेशी निवेशकों का अलग-अलग रुख देखने को मिला। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 6,322 करोड़ रुपए की बिकवाली की, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 10,927 करोड़ रुपए का निवेश किया। इस दौरान बैंकिंग शेयरों ने बाजार को सहारा दिया। बैंकिंग सेक्टर में तेजी की वजह से मुख्य सूचकांक मजबूत रहे। हालांकि, भारतीय रुपए में कमजोरी ने निवेशकों को चिंतित किया। पिछले हफ्ते करेंसी मार्केट पर दबाव बना रहा और रुपये में गिरावट दर्ज की गई। पीएमआई डेटा भारत का मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर पीएमआई डेटा नए हफ्ते में जारी होगा। यह डेटा भारतीय अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति का संकेत देगा और बाजार के सेंटीमेंट को प्रभावित कर सकता है। ऑटो सेक्टर के लिए दिसंबर महीने की बिक्री के आंकड़े निवेशकों के लिए एक प्रमुख संकेतक होंगे। मजबूत बिक्री के आंकड़े बाजार में सकारात्मक लहर ला सकते हैं, जबकि कमजोर आंकड़े बाजार को निराश कर सकते हैं। बैंकिंग सेक्टर में कर्ज की बढ़ोतरी बाजार की चाल का एक और अहम संकेतक होगी। अगर लोन ग्रोथ के आंकड़े मजबूत रहते हैं, तो बैंकिंग शेयरों में तेजी देखने को मिल सकती है। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के रिसर्च हेड संतोष मीणा के मुताबिक, निफ्टी फिलहाल 200 दिनों के मूविंग एवरेज के आसपास है। यह स्तर बाजार की मजबूती के लिए बेहद अहम है। निफ्टी के लिए 24,200 एक प्रमुख रुकावट का स्तर है। अगर यह स्तर पार होता है, तो निफ्टी में और तेजी देखी जा सकती है। वहीं, नीचे की तरफ 23,650 से 23,550 का स्तर मजबूत सपोर्ट के रूप में काम करेगा। अगर यह सपोर्ट टूटता है, तो बाजार में गिरावट आ सकती है। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के डायरेक्टर पुनीत सिंघानिया ने बैंक निफ्टी के लिए तकनीकी स्तरों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बैंक निफ्टी ने पिछले हफ्ते एक इनसाइड कैंडल बनाई है।

# इन्वेस्टमेंट के लिए सटीक प्लानिंग जरूरी

नई दिल्ली.

नया साल 2025 दस्तक देने को तैयार है और इसके साथ ही लोग नए सपने बुनने और योजनाएं बनाने में जुट गए हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख लक्ष्य होता है पैसों की बचत और निवेश। हर कोई चाहता है कि उसकी मेहनत की कमाई सही जगह पर निवेश हो, जिससे बेहतर रिटर्न मिल सके और भविष्य में वित्तीय समस्याओं का सामना न करना पड़े। लेकिन, सही प्लानिंग और समझदारी के साथ इन्वेस्टमेंट न किया जाए तो बचत का उद्देश्य अधूरा रह सकता है। आइए जानते हैं कि 2025 में बचत और निवेश को आसान बनाने के लिए किन 5 टिप्स को अपनाया जा सकता है।भविष्य में वित्तीय समस्याओं से बचने के लिए सही समय पर योजना बनाना बेहद महत्वपूर्ण है। कई बार अचानक हुए खर्च या इमरजेंसी में पूरी बचत खत्म हो जाती है। ऐसे में यह जरूरी है कि आप फिक्स्ड डिपॉजिट , पब्लिक प्रॉविडेंट फंड जैसी पारंपरिक योजनाओं के साथ-साथ म्यूचुअल फंड या एसआईपी जैसे विकल्पों पर भी ध्यान दें। लॉन्ग टर्म में ये निवेश योजनाएं बेहतर रिटर्न देती हैं और महंगाई के प्रभाव को कम करती हैं।

अगर आप अपने निवेश से अधिक रिटर्न चाहते हैं, तो केवल सुरक्षित योजनाओं तक सीमित न रहें। म्यूचुअल फंड्स, इक्विटी, और नेशनल पेंशन सिस्टम जैसे विकल्पों पर विचार करें। खासतौर पर म्यूचुअल फंड्स में एसआईपी के जरिए निवेश करना न केवल सुरक्षित होता है, बल्कि यह आपको नियमित रूप से बचत की आदत भी सिखाता है।

# इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में मिलेंगी नौकरियां

**नई दिल्ली.** भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र तेजी से विकास की राह पर है, जिसमें 2027 तक 12 मिलियन नौकरियां उत्पन्न होने का अनुमान है. इनमें 3 मिलियन प्रत्यक्ष और 9 मिलियन अप्रत्यक्ष रोजगार शामिल हैं. प्रत्यक्ष नौकरियों में 1 मिलियन इंजीनियर, 2 मिलियन आईटीआई-प्रमाणित पेशेवर, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, और डेटा विज्ञान जैसे आधुनिक क्षेत्रों में 0.2 मिलियन विशेषज्ञों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी.

वहीं, अप्रत्यक्ष नौकरियां आर्थिक विकास को गति देने में मदद करेंगी. 2030 तक भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में $500 बिलियन के प्रोडक्शन का लक्ष्य है. फिलहाल, घरेलू उत्पादन $101 बिलियन है, जिसमें मोबाइल फोन 43% का योगदान देते हैं. इसके अलावा, उपभोक्ता और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स का 12-12%, और इलेक्ट्रॉनिक सामान का 11% योगदान है. उभरते क्षेत्रों, जैसे ऑटो इलेक्ट्रॉनिक्स, एलईडी लाइटिंग, और पहनने योग्य उपकरणों में भी भारी संभावनाएं हैं. भारत की ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइस सीरीज में 4% भागीदारी है. हालांकि, डिज़ाइन और प्रोडक्ट एक्सपोर्ट में कदम बढ़ाकर यह भागीदारी बढ़ाई जा सकती है. 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', और पीएलआई योजनाओं जैसी सरकारी पहलों ने उद्योग को नई दिशा दी है.

# लोकल इकोनॉमी को मिलेगा बूस्टर डोज

## इन सेक्टर्स पर दिखेगा असर

नई दिल्ली.

2025 में महाकुंभ मेला भारत का सबसे बड़ा और सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सव होगा. यह उत्सव धर्म के साथ अर्थ के लिए भी काफी खास होने जा रहा है, क्योंकि इस दौरान बहुत सारे बिजनेस को कमाई के अवसर मिलेंगे. महाकुंभ मेला प्रयागराज में आयोजित किया जाना है, जो हर 12 साल में मनाया जाता है. इस बार यह 13 जनवरी (पौष पूर्णिमा) से 26 फरवरी (महा शिवरात्रि) तक सेलिब्रेट किया जा रहा है.13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज का दौरा किया और मेले के लिए शहर की सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को बेहतर करने के लिए 5,500 करोड़ रुपए की कुल निर्माण परियोजनाओं की शुरुआत की.

हालांकि उन्होंने इससे पहले संगम पर पूजा भी की. हर 12 साल में होने वाले महाकुंभ मेले के लिए लाखों तीर्थयात्री और पर्यटक मेजबान शहर में आते हैं. अनुमान है कि 2025 में प्रयागराज में 40-50 करोड़ पर्यटक आएंगे, जो वहां की लोकल इकोनॉमी को काफी बूस्ट करेगा. अपने धार्मिक महत्व के अलावा महाकुंभ जैसे अवसर पर्यटन के साथ रोजगार पैदा करने और आर्थिक विकास

### छोटे कारीगरों को मिलेगा मौका

❑ छोटे व्यवसायों और कारीगरों के पास अपने सामान बेचने का एक बड़ा अवसर है, जिससे स्थानीय समुदायों को भी लाभ होता है. स्थानीय व्यवसायों की सहायता के लिए, तीर्थयात्री बड़ी मात्रा में भोजन, कपड़े, धार्मिक वस्तुएँ और स्मृति चिन्ह खरीदते हैं. व्यक्तिगत विक्रेताओं की मदद करने के अलावा, यह विस्तार स्थानीय व्यंजनों, कला और हस्तशिल्प की मांग पैदा करके स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है.



को बढ़ावा देने का काम करते हैं, जिससे आस-पास की कंपनियों को लाभ होता है और समग्र रूप से भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है. महाकुंभ के दौरान इन तीर्थ स्थलों पर लाखों लोग आते हैं, कुंभ मेले में ठहरने की मांग बढ़ जाती है. यह वृद्धि ट्रैवल एजेंसियों, ठहरने की सुविधाओं, भोजनालयों और टूर ऑपरेटरों की मदद करती है. कुंभ मेला टेंट किराए पर लेने जैसी सेवाएं जो मेहमानों को उत्सव स्थल के नज़दीक आसान और आकर्षक आवास के विकल्प देती हैं, उनकी भी बहुत मांग रहती है.

पर्यटन बिजनेस में हवाई, रेल और सड़क परिवहन के लिए रिजर्वेशन में तेज़ वृद्धि देखी जाती है, जिससे सभी उद्योग क्षेत्रों के लिए आय का एक बड़ा जरिया बनता है. महाकुंभ निर्माण, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा और इवेंट प्लानिंग जैसे उद्योगों में अस्थायी और स्थायी दोनों तरह के काम के अवसरों की एक बड़ी संख्या पैदा करके क्षेत्र में बेरोज़गारी को भी कम करता है.

पिछली बार 1 लाख करोड़ का हुआ था बिजनेस, भारतीय उद्योग परिसंघ के पहले के अनुमान के अनुसार, 2019 के कुंभ मेले ने कुल 1.2 लाख करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया, जबकि 2013 में हुए पिछले महाकुंभ ने होटलों और हवाई अड्डों के बुनियादी ढांचे के उन्नयन सहित कुल 12,000 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया था.

# दिग्गज कंपनियों के आईपीओ की रहेगी धूम

**नई दिल्ली.** साल 2024 ने आईपीओ बाजार में शानदार प्रदर्शन करते हुए निवेशकों को भरपूर रिटर्न दिया है। अब सभी की नजरें 2025 पर टिकी हैं, जहां कई बड़ी कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च करने की तैयारी में हैं। भारतीय बाजार में अगले साल एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, जेप्टो, फ्लिपकार्ट जैसी प्रमुख कंपनियों के साथ-साथ कई अन्य कंपनियां निवेशकों के लिए सुनहरा मौका पेश करेंगी। बाजार नियामक सेबी ने 24 कंपनियों को आईपीओ लॉन्च करने की मंजूरी दे दी है, जबकि 62 कंपनियां अपने ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस फाइल कर चुकी हैं। आइए जानते हैं 2025 में निवेशकों के रडार पर रहने वाले प्रमुख आईपीओ और उनकी खासियत। साउथ कोरियाई इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का आईपीओ भारतीय बाजार में सबसे ज्यादा प्रतीक्षित है। कंपनी 10.1 करोड़ शेयरों की ऑफर-फॉर-सेल प्रक्रिया के जरिए 15,237 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य लेकर आ रही है।








१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# आरोपियों की संपत्ति जब्त होगी

## सीएम फडणवीस ने सीआईडी को दिये निर्देश



**बीड.**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बीड के मसाजोग में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले में आरोपियों की संपत्तियां जब्त करने के लिए अपराध जांच विभाग को निर्देश दिए हैं. एक गृह विभाग के अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी और बताया कि फडणवीस ने उन लोगों के हथियार लाइसेंस रद्द करने को भी कहा है, जिनकी तस्वीरें या वीडियो सोशल मीडिया पर हवा में गोलियां चलाते या सार्वजनिक रूप से हथियार दिखाते हुए वायरल हुईं हैं. फडणवीस ने 5 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद संभाला था और गृह विभाग की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं, इस महीने की शुरुआत में बीड जिले में हुए सरपंच की हत्या को लेकर विपक्ष के निशाने पर हैं. महाराष्ट्र पुलिस का सीआईडी हत्या मामले की जांच कर रहा है. अधिकारी ने कहा, "मुख्यमंत्री फडणवीस नेसीआईडी से हत्या के आरोपियों की संपत्तियां जब्त करने को कहा है. इस बीच, शनिवार को बीड में हुए विशाल विरोध प्रदर्शन में, जिसमें विपक्ष और सत्तारूढ़ दलों के विधायक और स्थानीय नेता शामिल हुए, ने राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के मंत्री धनंजय मुंडे से इस्तीफा देने की मांग की. मुंडे बीड जिले से हैं और उनके सहयोगी वाल्मिक कराड की भूमिका हत्या के मामले में संदेह के घेरे में है.पुलिस के मुताबिक, देशमुख की हत्या कथित तौर पर एक ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली की कोशिश का विरोध करने के कारण हुई थी, जो बीड जिले में पवनचक्कियां लगा रही थी. स्थानीय एनसीपी नेता विष्णु चटे ने कंपनी से 2 करोड़ रुपये की मांग की थी. देशमुख ने हस्तक्षेप किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अपहरण, उत्पीड़न और 9 दिसंबर को हत्या कर दी गई.

चटे हत्या के चार गिरफ्तार आरोपियों में से एक हैं. यह घटना 9 दिसंबर को दोपहर करीब तीन बजे की है, जब संतोष देशमुख अपने चचेरे भाई शिवराज देशमुख के साथ टाटा इंडिगो कार में मसाजोग गांव जा रहे थे. रास्ते में एक काली स्कॉर्पियो गाड़ी ने उनकी कार को रोका. गाड़ी से छह लोग उतरे और सरपंच संतोष देशमुख को जबरन गाड़ी से खींचकर अपहरण कर लिया. इसके बाद उनका शव केज तालुका के दहितना फाटा पर बरामद हुआ. संतोष के शरीर पर गहरी चोटों के निशान मिले थे. पुलिस के अनुसार, सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के पीछे एक बड़ी जबरन वसूली का मामला था. बीड जिले में पवन चक्कियां स्थापित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से कथित तौर पर दो करोड़ रुपये की वसूली की जा रही थी. देशमुख ने इस जबरन वसूली का विरोध किया था, जिसके बाद 9 दिसंबर को उनका अपहरण किया गया और फिर हत्या कर दी गई. उनकी मौत के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया जिसके बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया.

### सख्त कार्रवाई होगी- सीएम फडणवीस

❒ इस मामले में अब प्रशासन की कार्रवाई पर सभी की नजरे टिकी हैं. हत्या के खिलाफ बीड जिले में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, और यह मामला राज्य सरकार के लिए एक चुनौती बन चुका है. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा किया है, लेकिन विपक्ष उनकी नीतियों पर सवाल उठा रहा है. यह मामला न केवल कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर है, बल्कि यह राज्य सरकार के लिए राजनीतिक दबाव भी बना हुआ है.




महाबलेश्वर से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पंचगनी बेहद शांत हिल स्टेशन है. यहां का ठंडा मौसम, घने जंगल और शानदार दृश्य इस जगह को बेहद खास बनाते हैं. पंचगनी में वाई टेबल, 12 आंखें और बाबा ब्राह्मण मंदिर यहां के प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं. पंचगनी में आप ट्रैकिंग, पिकनिक और ताजगी से भरपूर अनुभव का आनंद ले सकते हैं.

## नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न

**रायगढ़.** रायगढ़ में एक नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न किया गया है. ये घटना मुरुड के कोरलाई गांव की है.. ये सात साल की बच्ची अपने भाई के साथ कोरलाई बीच पर गई थी. उसी वक्त आरोपी उसे नाव पर ले गया और उसके साथ ज्यादती की.. आरोपी के खिलाफ रेवदंडा पुलिस स्टेशन में पोक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया है. उधर, इस घटना के बाद कोरलाई गांव में गुस्से का माहौल है. सोलापुर में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ हुई है.. दिल दहला देने वाली ये घटना बारामती से बार्शी आ रही बस में हुई. आरोपी ने अपने मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाकर नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ की. उनकी शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया और उसके खिलाफ पोक्सो के तहत मामला दर्ज कर लिया.

## अवैध शराब का जखीरा पकड़ा गया

**नंदुरबार.**

नंदुरबार के सतपुड़ा के सुदूर इलाके में सावरिया दीगर में स्थानीय अपराध जांच शाखा द्वारा अवैध शराब का स्टॉक जब्त किया गया है। पुलिस को अवैध भंडारण की सूचना मिली थी और इसी सूचना के आधार पर चार लाख की शराब का स्टॉक जब्त किया गया है. इसमें विदेशी शराब और बीयर भी शामिल है. पुलिस इंस्पेक्टर हेमंत पाटिल की टीमों ने यह कार्रवाई की है. अनुमान लगाया जा रहा है कि यह शराब गुजरात राज्य में तस्करी के लिए जमा की गई है और शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि इसका इस्तेमाल नए साल के स्वागत के लिए किया जाएगा. नए साल को देखते हुए जिला पुलिस बल गुजरात के सीमावर्ती इलाकों पर कड़ी नजर रख रही है और यह अभियान जिले में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ सर्च ऑपरेशन होगा.

## मंत्री पद, मंत्रालय भवन और सरकारी बंगला भी मिला

### लेकिन 18 मंत्रियों ने नहीं स्वीकारा पद

**मुंबई.**



लंबे इंतजार के बाद महागठबंधन सरकार में मंत्रियों के शपथ ग्रहण के बाद विभागों का बंटवारा हो गया. हालांकि, विभागों के बंटवारे के बाद भले ही मंत्रियों को हॉल दे दिए गए हैं, लेकिन अभी भी 18 मंत्रियों ने पदभार नहीं संभाला है. इसलिए संभावना है कि ये मंत्री नये साल में ही पदभार संभालेंगे. पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद सात दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। इसलिए इस साल के बचे दो दिनों में उनके पदभार संभालने की संभावना कम है. हालांकि, खास बात यह है कि इस मंत्री ने इससे पहले भी कार्यभार नहीं संभाला था.

दत्ता भरणे परिवार के जिन सदस्यों ने पद नहीं संभाला है वे विदेश चले गए हैं. इन 18 मंत्रियों ने नहीं स्वीकारा पद, आशीष शेलार, अतुल बचाओ, नरहरि जिरवाल, भरत गोगावे, गुलाबराव पाटिल, दादा भूसी, जयकुमार रावल, माणिकराव कोकाटे, मकरंद पाटिल, योगेश कदम, पंकज भोयर, बाबासाहेब पाटिल, भर रहे हैं दत्तात्रय, प्रकाश अबितकर, माधुरी मिसाल, आशीष जयसवाल मेघना बोर्डिकर. दूसरी ओर, महाराष्ट्र में महायुति सरकार के सत्ता में आने के बाद से महायुति में असमंजस जारी है. चुनाव नतीजों के बाद शुरू में मुख्यमंत्री पद को लेकर काफी समय तक सस्पेंस बना रहा. इसके बाद खबरें आईं कि एकनाथ शिंदे नाराज हैं. इसके बाद कैबिनेट विस्तार के बाद जहां मंत्रियों के विभागों का बंटवारा हो गया है, वहीं अब पालकमंत्री पद को लेकर महागठबंधन के तीनों दलों में खींचतान चल रही है. महाराष्ट्र चुनाव में तीन बड़ी पार्टियां महायुति, बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी ने एक साथ आकर विधानसभा में बड़ी सफलता हासिल की है. इस जीत के बाद भी वहां कैबिनेट विस्तार में 16 दिन लग गए. इस कैबिनेट विस्तार में तीनों दलों के प्रमुखों को सतर्क रुख अपनाना पड़ा. इस बीच, शिवसेना और एनसीपी ने भी नाराजगी दिखाई. अब मामला शांत हो गया है तो खबर है कि अभिभावक मंत्री पद को लेकर तीनों पार्टियों के बीच विवाद शुरू हो गया है.

## रिक्शा चालकों से फर्जी नंबर प्लेट लगाकर ठगी

**नासिक.**

नासिक पुलिस ने रिक्शा चोरी कर उन पर फर्जी नंबर प्लेट लगाने वाले एक शख्स को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उनके पास से 6 लाख 25 हजार रुपए कीमत के रिक्शा जब्त किए गए हैं। क्राइम ब्रांच की यूनिट वन ने यह कार्रवाई की है. इस बीच, पुलिस को संदेह है कि नासिक शहर में नकली चोरी के रिक्शा बड़े पैमाने पर हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी यह है कि चूंकि शहर और आसपास के इलाकों में रिक्शा की चोरी बढ़ गई है, इसलिए पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक ने रिक्शा चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया है. तदनुसार, पुलिस कांस्टेबल विशाल काथे को जानकारी मिली कि रिक्शा चोर इसाम भारतनगर इलाके में घूम रहा है, जबकि अपराध शाखा यूनिट वन के पुलिस अधिकारी और प्रवर्तक रिक्शा चोरी के अपराध में संदिग्धों की तलाश कर रहे थे।

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मधुकर कद के मार्गदर्शन में, उन्होंने सहायक पुलिस निरीक्षक हेमंत टोडकर, पुलिस उप-निरीक्षक चेतन श्रीवंत, पुलिस कांस्टेबल देवीदास ठाकरे, रोहिदास लीलके, पुलिस प्रवर्तक विलास चारोस्कर, साधन पवार और की एक टीम बनाई। रिक्शा चोर की तलाश की। इसी समय रामनाथ भाऊराव गोलेसर (40, पेशेवर रिक्शा चालक, निवासी विराज कॉलोनी, कनाडा कॉर्नर, नासिक) अपने कब्जे में चोरी का रिक्शा लेकर आये। शुरुआत में उसके कब्जे से एक रिक्शा जब्त किया गया था. इसके बाद जब उससे पूछताछ की गई तो उसने 5 और चोरी की रिक्शों के बारे में जानकारी दी. उनके कब्जे से 6 लाख 25 हजार रुपए कीमत के कुल 6 रिक्शा जब्त किए गए हैं। इस बीच, नासिक शहर सहित विभिन्न क्षेत्रों से दोपहिया वाहन चुराने वाले चोर को अदगांव अपराध जांच टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

इस संदिग्ध के पास से अलग-अलग कंपनियों की 9 बाइकें जब्त की गई हैं. अगस्त महीने में नंदूर नाका इलाके के जनार्दननगर के विकास सुभाष तुपसुंदर के घर से एक दोपहिया वाहन चोरी हो गया था. इस मामले में अदगांव थाने में मामला दर्ज किया गया था. इस अपराध की जांच करते समय, पुलिस कांस्टेबल दादासाहेब वाघ को एक गुप्त मुखबिर से जानकारी मिली कि मालेगांव में एक संदिग्ध ने चोरी की दोपहिया वाहन छुपाया है। तदनुसार, एक जाल बिछाया गया और संदिग्ध कपिल संजय मगारे (37, संविधान नगर भयेगांव रोड, मालेगांव, जिला नासिक) को हिरासत में लिया गया। इस संदिग्ध से गहनता से पूछताछ करने पर उसके पास से 3 बुलेट, 3 होंडा शाइन, 1 होंडा लिवो, 1 सुजुकी एक्सेस, 1 हीरो डीलक्स सहित कुल 9 मोटरसाइकिल जिनकी कीमत 7 लाख 70 हजार रुपये है बरामद की गई।

## कुत्ते पर चलाई गोली

**मुंबई.** मुंबई के जोगेश्वरी पश्चिम के ओशिवारा इलाके में एक कुत्ते पर गोली चलाने की चौंकाने वाली घटना हुई है. ओशिवारा इलाके के शांतिवन बिल्डिंग में बीती रात एक घटना घटी है जब एक शख्स ने बंदूक से कुत्ते को गोली मार दी. शांतिवन बिल्डिंग में रहने वाले एक शख्स ने रात 2:00 बजे से 2:50 बजे के बीच बिल्डिंग में मौजूद एक कुत्ते को गोली मार दी. गोली लगने से कुत्ता गंभीर रूप से घायल हो गया. चौंकाने वाली बात ये है कि गोली कुत्ते के शरीर से आर-पार हो गई है. फिलहाल कुत्ते का इलाज पशु चिकित्सालय में किया जा रहा है। लेकिन बिल्डिंग में रहने वाले शख्स ने कुत्ते को गोली क्यों मारी? इस संबंध में ओशिवारा पुलिस मौके पर पहुंच गई है और बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपियों की तलाश कर रही है। हालांकि इस घटना के बाद पशु प्रेमी अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं. पुणे में पिछले 9 महीनों में 18 हजार लोगों को कुत्तों ने काटा है और आंकड़ों के मुताबिक हर महीने 2000 लोगों को काटा गया है. इसलिए, पुणे से पैदल यात्री पथ या गली क्षेत्र से गुजरते समय नागरिकों और पैदल यात्रियों को अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है। खासकर पुणे नगर निगम इन घटनाओं पर कब गंभीरता से संज्ञान लेगा? इस मौके पर ऐसा सवाल उठ रहा है. तो, पिछले 9 महीनों में पुणे शहर में 18 हजार से अधिक नागरिकों को कुत्तों ने काटा है।

## फिर सामने आया इंद्रायणी नदी के प्रदुषण का मुद्दा



**पुणे.** लाखों तीर्थयात्रियों की आस्था का केंद्र इंद्रायणी नदी के प्रदूषण का मुद्दा एक बार फिर सामने आया है. अब तक, यह सरकार और स्थानीय प्रशासन कई बार वादा करके आलंदी में इंद्रायणी प्रदूषण को रोकने में विफल रहे हैं। तो स्थानीय लोगों ने जताया गुस्सा. यह इस तथ्य को फिर से रेखांकित करता है कि इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार कंपनियों के खिलाफ केवल कार्रवाई की जा रही है और इंद्रायणी नदी में रसायन युक्त पानी छोड़ने वाली कंपनियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं.

## कश्मीर में फंसे महाराष्ट्र के पर्यटक

### तूफानी बर्फबारी के कारण रातभर बस में ही रुके

**मुंबई.**



दोपहर करीब 2:30 बजे बर्फबारी शुरू हुई और देखते ही देखते सड़कों पर बर्फ का ढेर लग गया। पहले तो ऐसा लग रहा था कि हर कोई बहुत मौज-मस्ती कर रहा है, लेकिन बर्फ गिरने लगी और घड़ी बंद हो गई। श्रीनगर जाते समय हम सोनमर्ग के पास फंस गए। कड़ाके की ठंड थी. बस से उतर कर पैदल चलना असंभव था. बस में गुजारनी पड़ी पूरी रात.' महाराष्ट्र से कश्मीर गए 26 पर्यटकों की इस स्थिति से स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

फिलहाल उत्तर भारत में हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी जारी है और इसका असर पर्यटकों पर भी पड़ा है. कुल्लू-मनाली के पास अटल सुरंग के पास कुछ कारों के फंसने के बाद शुक्रवार को कश्मीर घाटी में भी भारी बर्फबारी हुई। केसरी ट्रेवल्स की 26 सदस्यीय टीम सोनमर्ग से वापस श्रीनगर जा रही थी। शनिवार को उनकी वापसी की फ्लाइट श्रीनगर से थी। हालांकि, दोपहर करीब डेढ़ बजे शुरू हुई बर्फबारी थमने का नाम नहीं ले रही। केसरी टूर्स के टूर ऑपरेटर अतुल शिंदे ने इस रात का अनुभव बताया.'सड़कों को बंद करने का कोई निर्णय नहीं होने के कारण बहुत भ्रम था। हम सेना बाईपास मार्ग से होते हुए श्रीनगर की ओर आगे बढ़े। लेकिन, बमुश्किल तीन किलोमीटर बाद ही एहसास हुआ कि अब और आगे जाना खतरनाक है। इसलिए हमारे ड्राइवर ने बस को सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर दिया। अतुल ने कहा,"सड़क पर एक फुट से अधिक बर्फ होने और बस में बच्चे और वरिष्ठ नागरिक होने के कारण नीचे उतरना असंभव था।

"अतुल ने जैसे ही इस स्थिति की जानकारी डेढ़-दो किलोमीटर दूर स्थित होटल अकबर के जफरभाई को दी तो जफरभाई ने रात करीब बारह बजे गर्म खाना भेजा। साथ ही, अतुल ने बताया कि सुबह होने के बाद होटल अकबर और सोनमर्ग पैलेस होटल के इम्तियाज पर्यटकों को छोटी कारों के साथ बसों में फिर से सोनमर्ग लेकर आए।

फिलहाल ये सभी पर्यटक सोनमर्ग में हैं और रविवार को श्रीनगर के लिए रवाना होंगे. इन पर्यटकों की वापसी की टिकटें शनिवार की थीं। लेकिन चूंकि इसे रद्द करना पड़ा और 1 जनवरी तक टिकट उपलब्ध नहीं थे, केसरी टूर्स के शैलेश पाटिल ने कहा कि मामूली शुल्क लेकर श्रीनगर में टिकट की व्यवस्था की गई थी।

## कोरेगांव भीमा शौर्यदिन के चलते ट्रैफिक में बड़ा बदलाव




**पुणे.** कोरेगांव भीमा शौर्यदिन कार्यक्रम की पृष्ठभूमि में पुणे ग्रामीण पुलिस ने 31 दिसंबर और 1 जनवरी को यातायात में बड़ा बदलाव किया है. इस दिन लाखों नागरिक विजय स्तंभ का स्वागत करने आएंगे। इसलिए, संभाजीनगर, नासिक और मुंबई से आने वाले ट्रैफिक को जल्द ही 14 से 15 किमी तक डायवर्ट किया जाएगा। इस साल कोरेगांव भीमा में 207वां शौर्य दिवस मनाया जा रहा है. परभणी घटना के बाद प्रशासन की ओर से एहतियात बरती जा रही है. कोरेगांव भीमा शौर्यदिन कार्यक्रम की पृष्ठभूमि में क्षेत्र में यातायात की सख्ती से योजना बनाई गई है. उस स्थान पर एक विशाल पार्किंग स्थल की व्यवस्था की गई है। विजय स्तंभ तक पहुंचने के लिए पीएमपीएल बसें दिगराजवाड़ी तक उपलब्ध रहेंगी। विजय स्तंभ तक पहुंचने के लिए कम से कम 800 मीटर चलना पड़ता है। अनुमान है कि इस वर्ष लगभग दस से बारह लाख अनुयायी विजय स्तंभ को सलामी देने आएंगे।

इस पृष्ठभूमि में, पुणे ग्रामीण पुलिस से पुलिस कर्मचारी अधिकारी, एसआरपी और होम गार्ड सहित लगभग साढ़े चार हजार सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे। पुणे ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक पंकज देशमुख ने कहा, 31 दिसंबर और 1 जनवरी को बड़ी संख्या में अनुयायी आएंगे. इसलिए समझौते की योजना बनाई गई है. दो दिन पहले उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने इस संबंध में बैठक की थी. साथ ही विजयस्तंभ अभिनंदन दिवस की तैयारियों की समीक्षा भी की. निरीक्षण भी किया।

पार्किंग, यातायात नियोजन, विजयस्तंभ क्षेत्र नियोजन, जल व्यवस्था, स्वास्थ्य नियोजन आदि विषयों पर चर्चा की गई। समर्थकों को कोई परेशानी न हो इसका पूरा ध्यान रखने के निर्देश अजित पवार ने दिए थे. 1 जनवरी को भीमा कोरेगांव में अभिनंदन दिवस मनाया जाता है, जिसकी पृष्ठभूमि में पुलिस के भी व्यापक इंतजाम किये गये हैं.

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए नौकरी के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने कामों में अपनी चलायी,

वृषभ - आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र के कामों में कुछ व्यवधान महसूस करेंगे,

मिथुन -आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपको अपने कामों में यदि अपने सहयोगियों से कोई मदद की आवश्यकता होगी,

कर्क- आज का दिन आपके लिए अपने भविष्य को लेकर कोई बड़ा प्लान करने के लिए रहेगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपकी कुछ खास व्यक्तियों से मुलाकात होगी। आपकी सोच समझ से काम पूरे होंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए कुछ उलझनों से भरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी को लेकर आपकी कुछ समस्याएं बढ़ेंगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधान रहना होगा। आपका मन इधर-उधर के कामों में ज्यादा लगेगा,

धनु- आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी,

मकर- आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। यदि आप किसी शारीरिक कष्ट को लेकर परेशान चल रहे थे, तो आपकी वह समस्या भी दूर होगी।

कुंभ -आज का दिन आपके लिए पारिवारिक समस्याओं को लेकर आने वाला है। आपको अपने किसी बिजनेस पार्टनर से कोई वाद-विवाद होने की संभावना है।

मीन -आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बेहतर रहेगा, क्योंकि उन्हें कोई बड़ा ऑर्डर मिलने की संभावना है।

## आरोपियों के पास घर नहीं, उनकी संपत्ति क्या जब्त करेंगे ?

**बीड.**

मुख्यमंत्री ने फरार आरोपियों की संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया है, लेकिन आरोपियों के पास रहने के लिए अपना घर नहीं है. उनकी संपत्ति क्या जब्त होगी? ऐसा सवाल उठाकर हमारा आदमी चला गया, तुम आदमी वापस नहीं कर सकते. हम सिर्फ न्याय मांग रहे हैं, न्याय दो। यह बात संतोष देशमुख के भाई धनंजय देशमुख ने कही.मसाजोग के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या को 20 दिन बीत चुके हैं. लेकिन पुलिस अभी तक उनके हत्यारों सुदर्शन घुले, सुधीर सांगले, कृष्णा आंधले को नहीं ढूंढ पाई है. परिजनों ने इन



भगोड़े मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है और सभी जाति और धर्म के लोगों ने बीड में एक बड़ा मार्च निकाला है. आरोपियों को वारदात के लिए स्कॉर्पियो कार दी गई थी, इस बीच, मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने सीआईडी को फरार आरोपियों की संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया है। लेकिन उनके भाई धनंजय देशमुख ने कहा कि अगर आरोपियों को गिरफ्तार कर फांसी दी जाएगी तो उन्हें संतुष्टि होगी. धनंजय देशमुख ने दावा किया कि फरार आरोपियों के पास रहने के लिए अपना घर नहीं है.

आरोपियों के पास रहने के लिए घर नहीं है, लेकिन उनके पास स्कॉर्पियो कार है। ये कारें उन्होंने अपनी मेहनत से नहीं खरीदीं. उन्होंने यह भी कहा कि किसी ने उन्हें ऐसा करने का लालच दिया है और ऐसे अपराध और उनके संगठित अपराध को बढ़ावा देने के लिए ये काम किया है. हम सिर्फ न्याय मांग रहे हैं, न्याय दो, हम शुरू से कह रहे हैं, यह एक संगठित अपराध है, इसे कहीं न कहीं रोकने के लिए सभी गुत्थियों को सुलझाया जाना चाहिए और इन सभी को गिरफ्तार कर मौत की सजा दी जानी चाहिए।' यह मांग अंत तक रहेगी, चाहे कुछ भी हो जाये हम सिर्फ न्याय मांग रहे हैं, न्याय दो हम शुरू से कह रहे हैं, यह एक संगठित अपराध है, इसे कहीं न कहीं रोकने के लिए सभी गुत्थियों को सुलझाया जाना चाहिए और इन सभी को गिरफ्तार कर मौत की सजा दी जानी चाहिए।' ये मांग आखिर तक रहेगी, कोई मांग नहीं बदलेगी. हमारा आदमी चला गया, तुम उस आदमी को वापस नहीं ला सकते। हम सिर्फ न्याय मांग रहे हैं, न्याय दो। यह बात संतोष देशमुख के भाई धनंजय देशमुख ने कही.

## प्राजक्ता माली की मिली शिकायत: रूपाली चाकणकर

**मुंबई.** बीजेपी विधायक सुरेश धस ने धनंजय मुंडे की आलोचना करते हुए एक्ट्रेस प्राजक्ता माली का नाम लिया, जिसके बाद प्राजक्ता माली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सुरेश धस को जवाब दिया. साथ ही प्राजक्ता माली ने मांग की है कि सुरेश धस माफी मांगें. इसके अलावा प्राजक्ता माली ने सुरेश धस के खिलाफ महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई है. प्राजक्ता माली की शिकायत पर महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर ने प्रतिक्रिया दी है. रूपाली चाकणकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है और रूपाली चाकणकर ने आश्वासन दिया है कि नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. रूपाली चाकणकर ने क्या कहा?' अभिनेत्री प्राजक्ता माली की शिकायत आयोग कार्यालय को प्राप्त हुई है, इसका अध्ययन किया जा रहा है और कानूनी पहलुओं पर गौर कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है. आयोग उसका अध्ययन कर कानूनी पहलुओं की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करेगा। सोशल मीडिया पर महिलाओं के बारे में बात करते समय सभी को जागरूक रहना चाहिए, क्योंकि संविधान द्वारा दिए गए अधिकार के कारण महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी उपलब्धियां हासिल कर सकती हैं रूपाली चाकणकर ने बताया कि आयोग बिना किसी सबूत के मीडिया में उनके बारे में अपमानजनक बयान देने के लिए सरकार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की पहल करेगा.

## सुविचार

जिंदगी में गिरने से कभी मत डरो,
क्योंकि उड़ते वही है जो गिरने की हिम्मत रखते हैं!

## संपादकीय

# इतिहास है साक्षी

❐ मनमोहन सिंह ने जब कहा था कि इतिहास उनके मूल्यांकन में वर्तमान के मुकाबले ज्यादा उदार होगा, तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं थी। हालांकि किसी भी व्यक्ति के मूल्यांकन का बड़ा आधार उसके योगदान को समय की कसौटी पर कसना भी होता है। फिर भी, अगर मनमोहन सिंह के मन में अपने दौर की वस्तुपरकता को लेकर संदेह था, तो उसे हलके में नहीं लिया जा सकता। जाहिर है, उनके जीवन और योगदान को इस लिहाज से भी देखने की जरूरत है कि उसे देखने, समझने और समझाने में हमारे दौर ने कहां, कितनी और कैसी चूक की। चाहे वित्त मंत्री के रूप में हो या प्रधानमंत्री के रूप में, उनके खाते में ऐसी उपलब्धियां दर्ज हैं जिनकी चमक फीकी नहीं पड़ने वाली। बतौर वित्त मंत्री वह देश को लाइसेंस कोटा राज से मुक्त अर्थव्यवस्था की ओर ले गए।

पीएम पद के लिए उन्हें चुना भले सोनिया गांधी ने हो, अमेरिका के साथ परमाणु ऊर्जा करार को अंजाम तक पहुंचा कर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित कराने का श्रेय पूरी तरह से उनके संकल्प को जाता है। मनमोहन सिंह निजी तौर पर अपनी सादगी और ईमानदारी के लिए तो जाने ही जाते रहे हैं, अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शासन में पारदर्शिता लाने वाले कई कदम उठाए। उनके कार्यकाल में न केवल राइट टु इन्फॉर्मेशन कानून लाया गया, बल्कि उस पर प्रभावी अमल भी सुनिश्चित कराया गया।अपने इस विश्वास को वह आजीवन जीते रहे कि काम को ही बोलने देना चाहिए। अपनी मितभाषिता और विनम्रता के जरिए वह राजनीति की गरिमा बढ़ाते रहे।

हालांकि इसी वजह से उन पर यह आरोप भी लगा कि वह अपना और अपनी सरकार व पार्टी का ढंग से बचाव नहीं कर पाते। उनके कार्यकाल के दौरान सामने आए स्कैंडल से जो परसेप्शन बना, उसे वह समय रहते खत्म नहीं कर पाए। हालांकि अदालत में वे आरोप टिक नहीं सके। इसमें दो राय नहीं कि लोकतंत्र में राजनीति अपने तर्कों से ही चलती है। समाज के नजरिये को विचारधाराएं भी अपने ढंग से प्रभावित करती हैं। ऐसे में अगर नब्बे के दशक में बतौर वित्त मंत्री उनके द्वारा उठाए जा रहे ऐतिहासिक कदमों को एक खेमा संकीर्ण वैचारिक चश्मे से देख रहा था तो समाज में बन रहे परसेप्शन पर उसका असर पड़ना लाजिमी था। ऐसे ही राजनीति ने भी मनमोहन सिंह की विनम्रता के अपने ही मतलब निकाले। लेकिन इन बातों का प्रभाव, आखिरकार, कितना अस्थायी होता है यह भी मनमोहन सिंह को मिल रही श्रद्धांजलियों ने स्पष्ट कर दिया है।

## लघुकथा

एस के पाण्डेय

# चरित्र

❍ चेहरे पर इतनी उदासी क्यों है. लगता है कोई बहुत ही गम्भीर मामला है". राजीव ने माधव से कहा. माधव बोला "हाँ प्रिया के बारे में सोच रहा हूँ. जितने ही नैतिक मूल्यों की बात किया करती थी. वह उतनी ही अनैतिक निकली. उसकी एक-एक बात कानों में गूँजती रहती है-चरित्र बहुमूल्य धरोहर है जिसने अपना चरित्र खो दिया. उसे जीवन में कुछ खोने के लिए शेष नहीं बचता हमारे पूरे खानदान में चरित्र को सर्वोपरि माना जाता है मैं ऐसी-वैसी लड़की नहीं हूँ तुम मेरे पहले और अंतिम बॉय फ्रेंड हो. राजीव बोला "मैंने तुम्हें पहले ही आगाह किया था कि आजकल ऐसी बहुत सी लड़कियाँ हैं जो बाते तो बहुत अच्छी-अच्छी करती हैं अपने को चरित्रवान बताती हैं. लेकिन वे उतना ही चरित्रहीन होती हैं. एक नहीं अनेक बॉय फिरेंड बनाती हैं रुपया-पैसा ऐंठती हैं.

ऐश करती हैं. टाइम पास होता रहता है कई तो दिन-रात फोन पे ही व्यस्त रहती हैं इतने बॉय फिरेंड बना लिए हैं कि बात करने से ही फुर्सत नहीं रहती"माधव बोला "प्रिया की बातों से मैं इतना प्रभावित हो गया था कि उसे सपने में भी गलत नहीं सोच सकता था. लेकिन शुक्र है भगवान का कि उसका खोया पर्स मेरे हाथ लग गया। जिसमें ऐसे पत्र मिलें जिनमें इतनी गंदी और अश्लील शब्दावली का प्रयोग हुआ था जो उसकी और उसके अन्य कई बॉय फिरेंड के चरित्र का बयान करते हैं. राजीव ने कहा " देर सही पर दुरुस्त जानकारी तो मिल गई। सच में आज देश-समाज की यही दशा है आज के अधिकांश लोग खासकर लड़के-लड़कियाँ यह भूल चुके हैं कि गिरि से गिरकर जो गिरे, गिरे एकही बार जो चरित्र गिरि से गिरे बिगड़े जनम हजार".

## बालकथा

सार्थक देवांगन

# अपराध की सजा

❍ एक बार की बात है एक गांव में मोलू नाम का आदमी था। गांव के सभी लोग उसकी बहुत इज्जत करते थे। क्योंकि वह गांव में सबसे बड़ा था। उसे कोई कुछ नहीं कह पाता था। उसके खिलाफ कोई नहीं जाता था। लेकिन मोलू इस बात का फायदा उठाता था। वह अपनी गलती कभी मानता ही नहीं था। उसकी वह बात कुछ लोगों को पसंद नहीं थी। वे हमेशा उनके खिलाफ रहते थे लेकिन गांव में मोलू के पक्ष में ज्यादा लोग होने के कारण उनकी बात दब जाती थी। और तो और उनको गांव वालों से भला बुरा भी सुनना पड़ता था। एक दिन की बात है मोलू ने एक गोलू नाम के आदमी के घर की बिजली की तार कटवा कर, अपने घर लगवा ली। ताकि बिल गोलू के नाम आये और बिजली मोलू को मिले। जब बिजली विभाग का कर्मचारी महीने समाप्त होने के बाद बिल देने गोलू के घर आया तब गोलू ने कर्मचारी को बताया कि उसके घर में एक महीने बिजली नहीं आ रही है। फिर यह बिल किसलिये?

विभाग के कर्मचारी ने बताया कि आपका बिजली मीटर तो चल रहा है। और तभी गोलू कि नजर उसके घर के मुख्य बिजली लाइन की तार कि ओर पड़ी तब उसने देखा कि तार तो कटा हुआ है। तो बिजली का मीटर चल कैसे रहा है। तब उसने कर्मचारी को बोला- क्या आप उसे देखने का कष्ट करेंगे? तब उसने देखा की गोलू के घर की तार काट कर मोलू अपने घर पर लगवाकर चला रहा है और इसी कारण से गोलू के घर पर बिजली ना होने से भी बिजली मीटर चालू है। तभी तुरंत गोलू ने सभी गांववासियों को इकट्ठा किया और सभी को बताया की मोलू ने कैसे उसके घर से बिजली की चोरी की। और अब अपनी बात मानने को तैयार नहीं है। और इस बार उसने सबूत के लिए बिजली वाले को भी अपने साथ लाया था।

और उसने जब यह बात गांव वालों को बताई तब भी गांव वाले यह बात मानने के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन जब बिजली वाले ने यह बात सभी को बताई तब कुछ गांव वालों ने उनकी बातों पर विश्वास किया। लेकिन इस बार भी मोलू के समर्थक अधिक लोग थे और मोलू को बेगुनाह साबित करना चाहते थे। और इस बार भी वही हुआ जैसा कि हमेशा होता था।

मोलू के समर्थन में ज्यादा लोग रहने से मोलू फिर से बच गया। इस बार गोलू ने ठान ली की वह मोलू का पर्दाफाश करेगा चाहे उसके लिए उसे कुछ भी करना पडे। थोडे दिनों के बाद एक दिन गोलू अपने घर के बाहर खड़ा था तभी अचानक उसकी नजर बैंक पर पड़ी जो कि ठीक गोलू और मोलू के घर के सामने है। तब वह तुरंत अपने कुछ मित्रों को बताया और बुलाया और कहा कि बैंक पर सी सी टीवी कैमरा लगी हुई है जिससे हमें पता चल जाएगा कि मोलू ने उस दिन क्या किया और हम उसकी इस कारस्तानी का फूटेज गांववासियो को दिखाएंगे। गाव वाले भी जान जायेंगे कि मोलू बिजली चोर है। वह अपने साथियों के साथ बैंक प्रबंधक से मिलकर फूटेज मांग लाया। मोलू की चोरी पकडी गई.

# शेर की सवारी का परिणाम: हिंदू आतंकवाद बेक़ाबू हो रहा है ?

## यूपी में नफ़रत कैंसर की तरह फैल रही है, कानपुर की मेयर प्राचीन मंदिरों की बहाली के मिशन पर

**डॉ. सलीम ख़ान, मुंबई**



❐ आर.एस.एस. सर संघचालक मोहन भागवत समय-समय से शोशे छेड़ने के लिए जाने जाते हैं। इसपर कभी उनसे मुसलमान नाराज़ हो जाते हैं तो कभी हिन्दुओं की नाराज़ी उनके हिस्से में आती है। उनके बयानात को सुनकर समझ में नहीं आता कि आख़िर वह कहना क्या चाहते हैं? आजकल देश भर में मस्जिदों से आगे बढ़कर घरों में भी मंदिरों की खोज शुरू हो गई है। वक़्त गुज़रने के साथ किसी इमारत का खंडहर बन जाना कोई नई बात नहीं है और मंदिर भी इसमें शामिल हैं। हर ख़ाली ज़मीन को खोदा जाए तो किसी का घर, दुकान या मंदिर निकल आएगा। ऐसे में अगर पुराने वारिस अपना दावा कर दें तो देश भर में अफ़रातफ़री के सिवा कुछ नहीं होगा। अगर संसद भवन के नीचे पृथ्वी राज चौहान के महल का मलबा निकल आए या सुप्रीम कोर्ट के बारे में यह मालूम हो जाए कि वहाँ किसी ज़माने में जैन मंदिर था तो क्या उसे ध्वस्त करके उसकी पुरानी हैसियत बहाल कर दी जाएगी? ग़ालिब के मकान पर क़ाबिज़ लोग क्या अपना मिल्कियत का अधिकार छोड़कर अलग हो जाएँगे? क्या मुकेश अंबानी के महल को फिर से यतीम-ख़ाने में तब्दील कर दिया जाएगा? हिन्दुओं के वे सारे मंदिर जो बौद्ध मत के मठ हुआ करते थे, क्या उनमें दोबारा गौतम बुद्ध की मूर्ति बिठाई जाएगी? यह सब असम्भव कार्यों में से हैं, लेकिन अगर किसी योगी की सत्ता को ख़तरा लग जाएगा तो वह कुछ भी कर सकता है, चुनाँचे सम्भल की मिसाल हमारे सामने है। अब्दुल मतीन नामक मुसलमान ने एक हिंदू से घर ख़रीदा जिसके अंदर पुराने मालिक ने मंदिर भी बना रखा था। नए मालिक मकान ने उसे वैसे ही छोड़ दिया। अब प्रशासन उसके बहाने अब्दुल मतीन को परेशान कर रहा है। इस आग को गर्म रखकर इसपर अपनी सियासी रोटियाँ सेंकने की ग़रज़ से यू.पी. के पुरातत्व विभाग को काम से लगा दिया गया है। उसकी टीम ने सम्भल का दौरा करके सर्वे किया और किसी मस्जिद को तो नहीं छेड़ा, मगर शहर की 19 बावलियों और 5 तीर्थ स्थलों के ऐतिहासिक महत्व का पता चलाने में लगी रही। वे लोग सुबह के वक़्त कल्कि विष्णु मंदिर पहुँचे और उसके क़रीब में स्थित कृष्ण बावली का निरीक्षण किया। सम्भल की एस.डी.एम. वंदना मिश्रा ने इस बाबत तफ़सील बताई कि राज्य के पुरातत्व विभाग की टीम इलाक़े में लगभग 15 मिनट रही। उसने एक बावली की जाँच की और वह कल्कि विष्णु मंदिर भी गई। हिंदुओं के लिए अचानक सम्भल शहर पवित्र बन गया। उनका दावा है कि कई धर्म ग्रन्थों में इस शहर को विष्णु के दसवें अवतार कल्कि का जन्म स्थान बताया गया है। कल्कि विष्णु मंदिर के प्रभारी महेन्द्र शर्मा की मौजूदगी में पुरातत्व विभाग के पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर में मौजूद बावली का निरीक्षण करने के बाद तस्वीरें लीं। मस्जिदों में मंदिरों की तलाशी का मामला उत्तर प्रदेश में कैंसर की तरह फैल रहा है। कानपुर की मेयर और बीजेपी की वरिष्ठ नेत्री प्रमिला पांडे लापता मंदिरों की तलाश में पुलिस के साथ सड़क पर निकल पड़ी हैं। प्रमिला पुलिस की भारी संख्या के साथ पुराने और बंद मंदिरों को ढूँढ रही हैं, ताकि उनकी साज-सज्जा की जा सके। एक जगह के बारे में मेयर प्रमिला पांडे ने कहा कि यह जगह सुनार गली कहलाती है। यहाँ अग्रवाल बिरादरी के लोग रहते थे। उनका दावा है कि यहाँ हर 10 घरों के बाद एक मंदिर और कुँआँ हुआ करता था, मगर अब नहीं है। मंदिर हैं तो मूर्तियाँ कहाँ गईं? उनका ख़याल है कि कोई भी धार्मिक वर्ग हो, मंदिर है तो उसकी सुरक्षा करना वहाँ के लोगों का कर्तव्य है। अब यहाँ कोई मंदिर नहीं है। वह आगे कहती हैं कि इन लोगों को यहाँ से निकालना पड़ेगा और अब दोबारा पूजा होगी। लेकिन सवाल यह है कि वहाँ कोई हिंदू हो तो पूजा करे। वैसे भी मंदिरों के हवाले से हिंदू चरमपन्थियों को आम तौर पर पूजा-पाठ से ज़्यादा सैर-सपाटे और लड़ाई-झगड़े में दिलचस्पी है, वरना वे ज्ञानवापी की जामा मस्जिद के नीचे आरती उतारने के बजाय उन सैकड़ों मंदिरों की रक्षा के लिए विरोध प्रदर्शन करते जिनको कॉरीडोर बनाने के लिए मोदी सरकार ने तोड़ दिया है। मेयर ने मुस्लिम बहुल क्षेत्र में पाँच पुराने मंदिरों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि यहाँ रहनेवाले तमाम धर्मों के लोग हमारे लिए बराबर हैं। हमें यहाँ रहनेवालों से कोई परेशानी नहीं है, लेकिन जर्जर मंदिरों की मरम्मत की जाएगी और दर्शन और पूजा का आरम्भ होगा। वे कहती हैं, "कानपुर में कई ऐसे मंदिर हैं जो बहुत दिनों से बंद पड़े हैं, जिनपर कालांतर की धूल की तह बरसों से इतनी गहरी हो चुकी है कि कानपुर प्रशासन को उसे हटाने के लिए सड़क पर आना पड़ा है। विडंबना यह है कि उनमें से ज़्यादातर मंदिर मुस्लिम बहुल इलाक़ों के साथ-साथ शहर के संवेदनशील इलाक़ों में स्थित हैं। इससे पहले मेयर कानपुर के सीसामऊ में नाले पर अतिक्रमण हटाने को लेकर सुर्ख़ियों में थीं। इस दौरान उनकी समाजवादी विधायक से बहस भी हुई। इस बहस की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी और विधायक इरफ़ान सोलंकी अब जेल में हैं। कानपुर के सीसामऊ में बीजेपी की समस्या मंदिर नहीं, चुनाव है।1996 के बाद इस चुनाव क्षेत्र में कमल नहीं खिला। पिछले 20 वर्षों से यहाँ मुस्तफ़ा सोलंकी और उनके बेटे इरफ़ान सोलंकी का बोल-बाला है। योगी सरकार ने इरफ़ान सोलंकी पर ऊटपटांग आरोप लगाकर जेल भिजवा दिया तो उप चुनावों की नौबत आ गई। समाजवादी पार्टी ने इरफ़ान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को टिकट दे दिया और उन्होंने पहली बार घर से बाहर निकलकर सियासत के मैदान में क़दम रखा। योगी प्रशासन ने सोलंकी परिवार को भय एवं आतंक का शिकार करने में एड़ी-चोटी का ज़ोर लगा दिया। मुख्यमंत्री ने ख़ुद कानपुर का दौरा करके ऐसे कारख़ानों को दोबारा शुरू करने का आश्वासन दिया जिनका दोबारा चल पड़ना असम्भव है, लेकिन बात नहीं बनी। इरफ़ान सोलंकी का बैंक अकाउंट सील कर दिया गया तो उनके बेटे को कॉलेज की फ़ीस भरने के लिए क़र्ज़ लेना पड़ा। इन मुश्किल हालात में नसीम सोलंकी की जीत ने बीजेपी को समझा दिया कि अब कारख़ानों से बात नहीं बनेगी उसके लिए मंदिर ढूँढो कि शायद उसी के गर्भगृह में कहीं चुनावी सफलता की कुंजी आ जाए। मंदिरों की तलाश का मामला सिर्फ़ उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं, बल्कि इसी साल अक्तूबर में राजस्थान के हवामहल विधानसभा क्षेत्र से चुने जानेवाले बीजेपी विधायक बालमुकुंद आचार्य ने स्वयं ही यह अभियान छेड़ दिया था। वह बदतमीज़ अपने समर्थकों के साथ जूते सहित शीया इमाम बाड़ा मस्जिद में दाख़िल हो गया और उसके मंदिर होने का झूठा दावा कर दिया। इससे इलाक़े में तनाव फैल गया। घटना के दौरान मस्जिद में नमाज़ की तैयारी हो रही थी। बालमुकुंद के मस्जिद में दाख़िल होने से नमाज़ियों में सख़्त गुस्सा पैदा हो गया। उसकी वायरल वीडियो पुलिस को मिली तो वह वहाँ पहुँच गई। मुसलमानों ने क़ानूनी दस्तावेज़ात पुलिस को दिखाए जिसके बाद बालमुकुंद को वहाँ से रुस्वा होकर भागना पड़ा। बालमुकुंद की यह आदत है कि वह कहीं भी दाख़िल होकर झूठे आधार पर भूमि को मंदिर या कुछ और क़रार देकर क़ब्ज़े की कोशिश करता है। स्थानीय लोग उसे 'लैंड माफ़िया' के तौर पर जानते हैं। उसकी बुरी नज़र वक़्फ़ की 14 बीघा क़ीमती ज़मीन पर होने का इल्ज़ाम है। अब उसपर पुलिस थाने में मस्जिद के अंदर दाख़िल होकर औरतों के साथ बदसुलूकी की शिकायत दर्ज कर दी गई है। ऐसे लोगों को बीजेपी विधायक बनाकर देश को विश्व गुरु बनाने का सपना देख रही है। सर संघचालक मोहन भागवत के हालिया बयान को इसी परिप्रेक्ष्य में देखना चाहिए। उन्होंने देश भर में उभरते मंदिर-मस्जिद विवादों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए एक ऐसा बयान दे दिया कि जिसको सुनकर मीडिया संसद भवन में गृहमंत्री द्वारा डॉक्टर अंबेडकर की खिल्ली उड़ाना भी भूल गया। महाशय ने ख़ुद को हिंदुओं का नेता दिखाने के लिए ऐसी समस्याओं का दुरुपयोग करनेवालों की कड़ी आलोचना की। 'विश्व गुरु भारत' के केन्द्रीय विषय पर एक लेक्चर सीरीज़ में उन्होंने अपने प्रवचन में ज़ोर देकर कहा कि भारत को विभिन्न धर्मों और विचारधाराओं के माननेवालों के बीच सौहार्द की मिसाल क़ायम करनी चाहिए। उनकी इस टिप्पणी का अजमेर की दरगाह और शाही जामा मस्जिद सम्भल सहित हालिया विवादों से गहरा सम्बन्ध है। मोहन भागवत ने देशवासियों से कहा कि वे ऐतिहासिक ग़लतियों से सबक़ लें और सभी के साथ चलनेवाला आलमी मॉडल बनाने के लिए काम करें। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए उन्होंने ऐसे विवादों को फिर ज़िंदा करने से बचने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया, क्योंकि इससे देश की एकता छिन्न-भिन्न होती है। इन सारी समस्याओं का मूल स्रोत चूँकि अयोध्या का राम मंदिर है, इसलिए उसके हवाले से उन्होंने कहा कि राम मंदिर आस्था का मामला था और हिंदू इसे बनाना चाहते थे, लेकिन नफ़रत के तहत नए विवाद पैदा करना उन्हें स्वीकार्य नहीं है। इन विवादों के पीछे कार्यरत अति प्रमुख कारण की ओर इशारा करके हुए भागवत ने दो-टूक अंदाज़ में कहा कि कुछ लोगों का ख़याल है कि वे नए विवाद पैदा करके हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। उन्होंने सवाल किया कि इसकी अनुमति कैसे दी जाए? उन्होंने उग्रवाद और धार्मिक असहिष्णुता की निन्दा में कहा कि ऐसा रवैया भारत के सांस्कृतिक मूल्यों के विरुद्ध है। दूसरे धर्मों का सम्मान न करना या ज़ोर-ज़बरदस्ती हमारी संस्कृति में नहीं है। हालाँकि यह हक़ीक़त नहीं है, मगर फिर भी अगर भागवत जी इस सिद्धान्त पर अमल करना चाहते हैं तो उनको प्रोत्साहित करना चाहिए। महाशय ने बराबरी पर ज़ोर देते हुए अल्पसंख्यकों और बहुसंख्यकों का इनकार करते हुए सबको बराबर बताया। लेकिन फिर योगी का अस्सी और बीस वाला फ़ार्मूला कहाँ जाएगा? जस्टिस शेखर यादव का यह बयान कि देश तो बहुसंख्यकों की मरज़ी से चलेगा, उसका क्या मतलब समझा जाएगा? क्या मोहन भागवत, शेखर यादव की निन्दा करने की हिम्मत रखते हैं, जबकि योगी उनका समर्थन कर रहे हैं? योगी और भागवत की आँख-मिचौली पर राम-लीला की एक चौपाई फ़िट बैठती है, जिसमें राम को सम्बोधित करके परशुराम कहते हैं, हे राम तुम्हारी बातों से नरमाई मुझमें आती है, पर देख तुम्हारे भ्राता की छाती जलने लग जाती है, देखो तनिक उधर देखो वह अँगारे मुझ पर फेंक रहा. तू मीठी-मीठी बातों से घावों को मेरे सेंक रहा, मोहन भागवत का बयान सुनकर ऐसा लगा कि मानो रावण के मुँह से रामायण बयान हो रही है। वह बोले कि देश की परम्परा हर एक को अपने धर्म एवं आस्था पर अमल करने की अनुमति देती है। उसकी एक मात्र शर्त है कि सौहार्द के साथ रहा जाए और क़ानून का सम्मान किया जाए। आर.एस.एस. सर संघचालक ने सावधान किया कि साम्प्रदायिकतावादी नैरेटिव देश के विकास को नकारता है, लेकिन फ़िलहाल राष्ट्रीय विकास में किसी को दिलचस्पी नहीं है, हर कोई अपनी सत्ता बाक़ी रखना चाहता है। भारतीय समाज के विविधतावाद को उजागर करते हुए, आर.एस.एस. के सर संघचालक ने यहाँ तक कह दिया कि राम कृष्ण मिशन में भी क्रिस्मस मनाया जाता है और यह अत्यनत छोटा-सा उदाहरण है, वरना साम्प्रदायिक सौहार्द के इस देश में प्रतिदिन सैकड़ों उदाहरण सामने आते हैं। उन्होंने आगे कहा कि केवल हम ही इस तरह से सहनशीलता एवं सहिष्णुता का प्रदर्शन कर सकते हैं, क्योंकि हम हिंदू हैं और हिंदूधर्म का मौलिक दर्शन ही सहनशीलता एवं सहिष्णुता की भावना है। यह बहुत बड़ा झूठ है फिर भी कानों को सुनने में भला मालूम होता है। मोहन भागवत इससे पहले भी इस तरह के बयान दे चुके हैं। कोई उसपर कान नहीं धरता, क्योंकि उनकी कथनी और करनी में विरोधाभास है और उनकी अपनी सरकारें इन बातों को ध्यान देने योग्य नहीं समझतीं। आर.एस.एस. सर संघचालक मोहन भागवत के बयान पर जहाँ हिंदू चरमपंथी हाथ धोकर उनके पीछे पड़ गए हैं वहीं उनके विरोधी समर्थन में आ गए हैं। काँग्रेसी सांसद राजीव शुक्ला ने इसपर कहा कि कि बीजेपी और विश्व हिंदू परिषद के लोगों को मोहन भागवत की बात पर ध्यान देना चाहिए। मोहन भागवत तीसरी बार यह बात दोहरा रहे हैं कि जगह-जगह अयोध्या के तर्ज़ पर मंदिर तलाश करना उचित नहीं है। यह समाज सबका है। यह देश सबका है। मंदिर के नाम पर दंगे करना सही नहीं है। एन.डी.ए. की गठबन्धन पार्टी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने आर.एस.एस. सर संघचालक मोहन भागवत के बयान के समर्थन में कहा कि ऐसे हर विषय को छेड़ने से बचना चाहिए जिससे समाज में तनाव पैदा हो या समाज का माहौल ख़राब हो। उन्होंने आगे कहा कि आर.एस.एस. का बयान बिलकुल सही है। शिवसेना के सांसद संजय रावत ने भागवत को निशाना बनाते हुए कहा कि यह सच है कि कोई भी सिर्फ़ मंदिर बनाने से लीडर नहीं बन सकता। यह देश एक मंदिर है, आपको उसे बनाना चाहिए। वर्तमान स्थति पर उन्होंने कहा कि मोहन भागवत आप ऐसे ही लोगों को सत्ता में लाए हैं, इसलिए अब आप ही ज़िम्मेदारी लें। मुस्लिम बुद्धिजीवियों, नजीब जंग और जनरल नजीब शाह जैसे कई लोगों ने भागवत की टिप्पणियों पर ख़ुशी का इज़हार करते हुए शुक्रिये के ख़त में लिखा कि हम बतौर हिन्दुस्तानी मुसलमान और ईसाई, हालिया दिनों में समाज के एक वर्ग की तरफ़ से दिए गए बयानों और कुछ घटनाओं से बहुत चिन्तित हैं जो कि सख़्त साम्प्रदायिक तनाव का कारण बने हैं। इसी लिए सर संघचालक की ओर से आनेवाला यह बयान अत्यन्त महत्व रखता है और भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया-भर के तमाम अच्छी सोच रखनेवालों के लिए उम्मीद का कारण है। हमें उम्मीद है कि यह बयान उनके लिए मार्गदर्शन का साधन बनेगा जो हमारे देश की आधार शिलाओं पर हमले कर रहे हैं। ऑल इंडिया शीया पर्सनल लॉ बोर्ड ने मोहन भागवत के बयान का स्वागत किया है। बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि मस्जिद के नीचे से मंदिर तलाश करना ग़लत है। आर.एस.एस. सर संघचालक का बयान अच्छा माहौल पैदा करेगा। उन्होंने माँग की कि सरकार राजनीति चमकानेवालों पर लगाम लगाए। भागवत के बयान को विरोधी पक्ष में तो ख़ूब पसन्द किया गया, मगर उसको सुनकर हिंदू चरमपन्थियों को ऐसा लगा जैसे घर का भेदी लंका ढा रहा है। इससे सोशल मीडिया में भूचाल आ गया। लोगों ने अपने दिल की भड़ास निकालते हुए उन्हें याद दिलाया कि वे हिंदुओं के ठेकेदार नहीं हैं। भागवत ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि सौ साल की मेहनत के बाद हिंदू समाज उनकी ऐसी दुर्गति बनाएगा। यह दरअसल एक ऐसे शेर की सवारी का अंजाम है जो उनके क़ाबू से बाहर हो चुका है। ट्रोल करनेवाले मनचलों से हटकर जब एबीपी का संवाददाता कुंभ मेले के अंदर साधु-संतों के पास पहुँचा तो वे भी आग उगल रहे थे। उन लोगों ने भागवत को न केवल अपना बयान वापस लेने का आदेश दिया, बल्कि पूरे हिंदू समाज से माफ़ी माँगने की भी माँग की। एक ने आगे बढ़कर यह कह दिया कि डॉक्टर हेडगेवार ने तो कहा था कि 'हम हिंदू राष्ट्र क़ायम करेंगे चाहे उसके लिए सौ साल क्यों न लग जाएँ, मगर वे तो पहले ही अपने उद्देश्य से फिर गए'। अब हिंदू चरमपन्थी यह कहने लगे हैं कि भागवत सेक्युलर हो गए हैं यानी संघ परिवार ने जिस शब्दावली को एक गाली बना दिया था अब उसी को सर संघचालक पर चस्पाँ किया जा रहा है। उनके इस तरह बौखलाकर ग़मो-ग़ुस्से के इज़हार पर यह शेर फ़िट बैठता है। ग़ैरों से कहा तुमने ग़ैरों से सुना तुमने, कुछ हमसे कहा होता कुछ हमसे सुना होता.

**(डॉक्टर सलीम ख़ान न्यूक्लियर कैमिस्ट्री में पी एचडी हैं जिनके लेख देश-विदेश में पढ़े जाते हैं। (अनुवादकः गुलज़ार सहराई)**

## व्यंग्य

रवि श्रीवास्तव

# ओ मोरी जनता

❍ देश के युवाओं में नशा का दौर लगातार बढ़ता जा रहा है. किसी को शौक है तो कोई इसका आदी बन चुका है. छोटी खुशी हो या बड़ी बस बहाना चाहिए पार्टी करने का. चलो पार्टी करते हैं और जाम छलकाते हैं. गिलास को टकराकर चेयर्स करते हैं. और टल्ली होकर हंगामा. वाह क्या खूबी है इस शराब में. ऐसे में दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने शराब पर एक नई बात कह दी. दिल्ली में शराब पीने की उम्र को कम करने की बात कही है. अभी दिल्ली में शराब पीने की जो कानूनी उम्र है वो 25 साल है. मंत्री जी ने इसे कम करके 21 साल करना चाहते हैं. मंत्री जी के मुताबिक दिल्ली में फिलहाल शराब पीने की उम्र ज्यादा है जिसे कम कर दिया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि कई बीजेपी शासित राज्यों में भी शराब पीने की उम्र 21 है। तो दिल्ली में शराब पीने की आयु 25 क्यों है? वैसे आज कल देश का युवा नशे की लत में फंसता जा रहा है. ऐसे में ऐसी बातें करना कि उम्र सीमा घटा दो. दूसरे राज्यों में तो उम्र सीमा कम है. दिल्ली के जनता ने आप को गद्दी पर इसलिए बैठाया है कि उसकी समस्या दूर कर दिल्ली का विकास करे. आप तो शराबी बनाने में जुट गए. वैसे ये लोगों का निजी मामला होता है. अब 18 साल के ऊपर हो गए तो अच्छा बुरा अपना सभी सोच सकते हैं. बोतल पर एक चेतावनी भी लिखी होती है. लेकिन अगर बीजेपी और कांग्रेस शासित राज्यों को देखते है तो कुछ दूसरी चीजों में देखें. जिसमें रोजगार, शिक्षा, मंहगाई, सुरक्षा, सम्बंधित बातें. और दिल्ली को और आगे लेकर जाओ. इन राज्यों से भी आगे. लेकिन अच्छी चीजों को कौन देखता है. रेस्तरां एसोसिएशन की मांग पर आप उम्र सीमा घटनी चाहिए ये तो कह दिया. दिल्ली की जनता ने जिस उम्मीद के साथ आप को ताज पहनाया उसके बारे में क्या ख्याल है. आज दिल्ली के वो नौजवान जो शराब पीना चाहते है लेकिन 25 साल उम्र कम होने की वजह से रेस्तरों में जाने से डरते हैं.

हालांकि वो भले ही अपना जुगाड़ ढूंढ लेते हो. लेकिन कानून का डर तो दोनों में देखा जाता है. वाह मंत्री साहब आप ने कहा कि हमने बाकी सभी राज्यों में देखा है कि कांग्रेस और बीजेपी शासित राज्यों में भी शराब पीने की उम्र 25 साल से कम है. अगर वो विरोध करते हैं तो वो पहले अपने शासित राज्यों में देखें. चलो वो विरोध करते हैं वो तो इतने सालों से देश में और दिल्ली में कुछ नया नहीं कर पाए. दिल्ली की जनता ने आप पर तो काफी भरोसा किया था. इक बार अंधेरे में छोड़कर भाग गए थे.लेकिन दोबारा से फिर भी पूरा मौका दिया. कहा गए वो वादे वो बातें. क्या ये सब और राजनीतिक दलों का चुनावी जुमला था. देश की राजधानी में कितने युवा पढ़ने और रोजगार की तलाश में आते हैं. तो शिक्षा और रोजगार पर क्यों नहीं विचार किया जाता.कितने नाबालिग लड़के होटल और ढाबों में काम करते हैं. उनपर क्यों नहीं ध्यान जाता है. कितने गरीब के बच्चें सड़को पर भीख मांगते हैं. वो इनको नजर नहीं आता. कुछ अच्छाई की शुरूआत तो करो. जिससे दूसरा राज्य भी सीख ले. आप तो शराब में आकर अटक गए. चलो शायद मंत्रीजी चाहते हैं दिल्ली वाले झूम बराबर झूम की तरह रहे. यहां शराब को बैन करने की मांग होती रही है, लेकिन ऐसा लगता है कि मंत्री जी चाहते हैं पी ले पी ले ओ मोरी जनता.

# मीनाबाजार

❍ बचपन की बातें बड़ी ही यादगार होती हैं..भुलाए न भूले जब नौ-दस साल का था, तो मीनाबाजार घूमने का बड़ा ही शौक हुआ करता..हर साल न मालूम कहाँ-कहाँ से घूम-फिरकर मीनाबाजार शहर में एक बार आ ही जाता और हमेशा शहर के हृदयस्थल मोतीग्राउंड में लगता उन दिनों यही एक बड़ा ग्राउंड हुआ करता जिसमें तरह- तरह के कार्यक्रम हुआ करते कभी कोई मिनी सर्कस लगता तो कभी किसी जादूगर का पंडाल कभी सात दिनों तक सायकल चलाने वाले का तम्बू गड जाता तो कभी कोई बैसाखी जैसा मेला भर जाता. और दिवाली के दिनों तो मैदान में पटाखों के दूकान सज जाते बारहों महीने गुलजार रहता मोतीग्राउंड. मीनाबाजार लगते ही सारे शहर में त्यौहार सा माहौल हो जाता अँधेरा घिरते ही मीनाबाजार रौशन हो जाता.सभी की आवाजाही मोतीग्राउंड की ओर हो जाता हवाई-झूला.. घोड़ेवाला चक्कर झूला नाव-झूला मौत का कुआं..मौत की छलांग वाली ऊँची सीढ़ी ये सब मैदान के बीचोबीच होता और उसके चारों ओर अन्य छोटे-छोटे स्टाल बच्चों के खिलौने से लेकर चाट-भेलपूरी.. पापकार्न वाले का स्टाल.. महिलाओं की टिकली-फुंदरी से लेकर बर्तन-भाड़े तक का स्टाल.. और प्लास्टिक वाली की-रिंग में नाम छापने वाले से लेकर कलकत्ता के राजा स्टूडियो तक का स्टाल.. बीच–बीच में मनोरंजन के और कई स्टाल होते जैसे. डांस-पार्टी का स्टाल बंदूक से निशाना लगाने वाला स्टाल. दो सिर वाले विचित्र जानवर का स्टाल. और कुछ इनामी स्टाल आदि आदि एक छोटा सा स्टाल जो अक्सर मेरा ध्यान खींचता, वो था- "पिघलने वाली लड़की" का स्टाल.. बाहर दो तीन पोस्टर लगे होते जिसमें लिखा होता- मेल्टिंग गर्ल. पिघलने वाली लड़की. एक पोस्टर में लड़की को कुर्सी में साबूत बैठी दिखाया जाता.फिर दूसरे में उसी कुर्सी में कंकाल को उसी मुद्रा में बैठे दिखाया जाता.. और अन्दर से कोई अहिन्दी भाषी व्यक्ति अजीब सी हिंदी में अनवरत अनाउंस करते रहता- देखिये.. देखिये.. पिघलने वाली लड़की देखिये. देखिये. कैसे मिनटों में लड़की पिघकर कंकाल हो जाती है. .और मिनटों में उस कंकाल में फिर जान आ जाती है.


शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक में यौन रोग (सेक्स समस्या) पर सफल इलाज

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स




सीताबर्डी टेम्पल बाजार स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक में यौन रोग एवं सेक्स संबंधित सभी समस्याओं पर प्रभावकारी एवं सफल इलाज किया जाता है। रोज की जिंदगी में यौन समस्याएं जैसे शीघ्रपतन बांझपन इत्यादि, के कारण सामाजिक एवं वैवाहिक जीवन में अनेक समस्याओं का सामना करना तथा वैवाहिक कलह, मनमुटाव आदी का भी सामना करना पडता है। अतः इन समस्याओं का शीघ्र समाधान होना आवश्यक है। रोज की भागदौड़ के जीवन में टेंशन, अनिद्रा इनक्षकारणों तथा खानपान में पोषक तत्वों के अभाव या असमय खाना पीना इन कारणों से यह समस्या उत्पन्न होती है। इसका इलाज समोपचार औषधी चिकित्सा से संभव है। महाशक्ति कवच, रे-टोन सिरप, कप नाईट पावर इन दवाओं से इन समस्याओं का समाधान आयुर्वेदिक एजेंसी सिताबर्डी, टेम्पल बाजार रोड नागपुर में सफलतापूर्वक किया जाता है। अधिक जानकारी के लिए 9112079000 / 8605245080 फोन पर संपर्क करे और आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ उठाकर अपनी समस्याओं का समाधान पाकर खुशहाल जीवन व्यतीत करे.



शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में 9112079000 / 8605245080 इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें.


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादक: इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, सोमवार, 30 दिसंबर 2024

# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली



## डाक विभाग ने की मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता



**अहेरी.**

कमलापुर के युवक राजू रतन मिस्त्री ने डाक जीवन बीमा निगम की एक पॉलिसी निकाली थी। लेकिन कुछ ही महीनों में उनकी अचानक मृत्यु हो जाने के कारण उनकी पत्नी कौशल्या राजू मिस्त्री को बोनस के साथ 1 लाख 14 हजार 28 रुपये का चेक डाक विभाग द्वारा दिया गया. इस संकट की घड़ी में डाक विभाग द्वारा दी गई मदद के कारण मृतक के परिवार में सभी लोग खुश दिखाई दे रहे थे। भारतीय डाक विभाग में विभिन्न प्रकार की बीमा सेवाएँ उपलब्ध हैं और इस मौके पर डाक विभाग के अधिकारियों ने इसका लाभ उठाने की अपील की है। चेक वितरित करते समय कमलापुर के उपसरपंच सचिन ओलेटीवार, पूर्व सरपंच रजनीता मडावी, डाकघर निरीक्षक सुभाष जावड़े, डाक सर्वेक्षक नावेद सैयद, कमलापुर के पोस्टमास्टर नूतन मडावी, डाक सहायक वर्धन कुमार, पोस्ट मास्टर सुधाकर गड्यालपल्लीवार, दीपक आलाम कार्तिक क्षीरसागर, संचित मोहिते, मनीषा आठवले, अंजलि वानखेड़े, सुजीत नवीन, वैभव झाडे, रितेश जयेश, सानिका, स्वाति, अनिल आदि कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता के लिए डाक कर्मियों ने सहयोग किया.

## धान खरीदी केंद्र में खराब बारदानों का वितरण...

**आरमोरी.**

आदिवासी विकास निगम के तहत आरमोरी तालुका में आदिवासी विभिन्न कार्यकारी सहकारी समितियों की ओर से चल रहे सरकारी गारंटी मूल्य धान खरीद केंद्र पर व्यापारियों द्वारा खराब गुणवत्ता वाले बारदानों का वितरण किया जा रहा है। गारंटीशुदा मूल्य पर धान क्रय केंद्र पर आपूर्ति किया जाने वाला बारदाना 30 से 40 प्रतिशत घटिया गुणवत्ता का होता है और उस बारदाना में अनाज भंडारण करने में दिक्कत होती है।

इसलिए अच्छी गुणवत्ता वाला बारदाना व्यापारियों को स्वीकार करना चाहिए। वहीं पूर्व विधायक आनंदराव गेडाम सहित किसानों ने मांग की कि को उन व्यापारियों को बिल नहीं दिया जाना चाहिए जो अपने फायदे के लिए खराब गुणवत्ता वाली बोरियों की आपूर्ति कर रहे हैं। इस संबंध में एक निवेदन के माध्यम से, पूर्व विधायक आनंदराव गेडाम ने आदिवासी विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की.

## वन्यजीव शिकार मामले में 3 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**कुनघाड़ा.**

वनमंडल गढ़चिरोली एवं वन परिक्षेत्र कार्यालय कुनघाड़ा के अंतर्गत उपक्षेत्र पश्चिम पावीमुरंडा वन क्षेत्र में सांभर जंगली जानवर के शिकार के मामले में 3 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. आरोपियों के नाम सुनील सावजी कांडो, जीवन तेमु मटामी, बापू सोनू गावड़े सभी निवासी पांढरी भटाल है. उक्त घटना 23 दिसंबर की रात को हुई थी और तीनों आरोपियों को 26 दिसंबर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था. प्राप्त जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र कार्यालय कुनघाड़ा अंतर्गत पावी मुरंडा उपक्षेत्र में दोपहर करीब 12.30 बजे संदिग्ध आरोपी सुनील सावजी कांडो को गिरफ्तार किया गया. जब आरोपी के घर का निरीक्षण किया गया तो घर में जंगली जानवर का मांस मिला. मांस को कब्जे में लेकर पंच के समक्ष जब्ती नामा व पंचनामा दर्ज किया गया इस दौरान आरोपीयोंको को वन क्षेत्र कार्यालय में पेश किया गया और बयान दर्ज कराया गया। आरोपी के कहने के मुताबिक इस कार्य में जीवन टेमु मथामी और बापू सोनू गावड़े भी रहते थे. सभी आरोपियोंके द्वारा अपराध कबूल करने के बाद मामला दर्ज किया गया था। उन्हें 26 दिसंबर तक 3 दिन की वन हिरासत दी गई थी. जब उसे दोबारा अदालत में लाया गया तो अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

## अलग अहेरी जिला बनाया जाए, राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की मांग



**अहेरी.**

अहेरी उप-विभाग के अंतर्गत पांच तालुका हैं और सिरोंचा तहसील, जो की जिले का अंतिम छोर है, वहां से गढ़चिरोली जिला मुख्यालय की दूरी लगभग 220 किमी है। इससे इस क्षेत्र के नागरिकों को विभिन्न कार्यों के लिए जिला स्थल तक पहुंचने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है. पिछले 15 वर्षों से अहेरी उप विभाग को एक अलग जिले के रूप में बनाने की मांग बार बार हो रही है।

इस दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के पदाधिकारियों ने मांग की है कि इस क्षेत्र के व्यापक विकास के लिए गढ़चिरोली जिले से तत्काल अहेरी को नए जिले के रूप में विभाजित किया जाना चाहिए. सिरोंचा तहसील जो कि जिले के अंतिम छोर पर होने की वजह से गढ़चिरोली की दूरी लगभग 220 किमी है।

इस क्षेत्र के लोगों को विभिन्न कार्यों के लिए जिला स्थल पर आने-जाने में मानसिक एवं शारीरिक कष्ट झेलना पड़ता है तथा आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ती है। चूंकि इस सड़क की हालत बेहद खराब है, इसलिए सिरोंचा तालुका के अधिकांश नागरिक पड़ोसी तेलंगाना राज्य पर भी निर्भर रहते हैं। अहेरी, एटापल्ली, भामरागढ़, सिरोंचा तालुका के नागरिक पिछले कई वर्षों से मांग कर रहे हैं कि अहेरी जिला बनाया जाना चाहिए।

इसलिए जनहित के लिए केंद्र सरकार को जिले का विभाजन कर अलग अहेरी जिला देना चाहिए. इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रणय खुने, विदर्भ अध्यक्ष आवेद अली, जिला अध्यक्ष रमेश अधिकारी, तहसील अध्यक्ष फारूक शेख, जिला सचिव रतन दुर्गे, जिला उपाध्यक्ष महेश अकेले, सुरेश दुर्गे, रोशन सैयद, मिलिंद अकेले, अमोल अकेले, दीपक गुरनुले, नागेश तोरेम, अनित पारधी, रामदास ओहरे आदि उपस्थित थे।

## जंगली सुअर का हमला, वन विभाग ने की घायलों की मदद



**आरमोरी.**

वड्डा वन क्षेत्र में जंगली जानवरों के हमले की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं और कई नागरिक वन जानवरों का शिकार बन रहे हैं. वन विभाग ने 28 दिसंबर को देलोड़ा बुजरूक गांव की एक घायल महिला को 5 लाख रुपये प्रदान किए, जो आरमोरी तहसील के पोरला वन क्षेत्र में अपने खेत पर काम करने आ रही थी। 23 जुलाई 2024 को रूपाली विकास गेडाम खेत में मक्का काटने का काम कर रही थी. उस पर अचानक जंगली सूअर ने हमला कर दिया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

जिला अस्पताल और बाद में नागपुर में इलाज के बाद वह सकुशल घर पहुंच गई। वन विभाग ने अंततः 5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की... मरेगांव उप-वन क्षेत्र क्षेत्र सहायक आर.टी. समर्थ द्वारा पीडिता को चेक प्रदान किया गया। इस मौके पर देलोड़ा ग्राम पंचायत के ग्राम सेवक आलोक रॉय, ग्राम पंचायत सदस्य केवल गेडाम, यादव सहारे, विकास गेडाम आदि उपस्थित थे।

## आज का विरोध मार्च स्थगित...

**गढ़चिरोली.** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह की दुखद मृत्यु के कारण पूरे देश में एक सप्ताह का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है, संविधान रक्षा संघर्ष समिति की ओर से 30 दिसंबर, 2024 को गढ़चिरोली में होने वाला विरोध मार्च और बैठक स्थगित कर दी गई है। संविधान रक्षा संघर्ष समिति ने जानकारी दी है कि विरोध प्रदर्शन की अगली तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी. समग्र शिक्षा अभियान के कर्मचारियों को यथावत रखने की मांग... संविदा कर्मचारियों की ओर से मांग की जा रही है कि समग्र शिक्षा अभियान के संविदा कर्मचारियों को गढ़चिरोली जिले में सेवा में बरकरार रखा जाए. जिले में 69 रिसोर्स पर्सन कार्यरत हैं। इसके अलावा डाटा ऑपरेटर 8 वरिष्ठ लेखा लिपिक 8 कार्यरत हैं। इसके साथ ही 1 एमईएसएस समन्वयक, 18 दिव्यांगता समावेशी विषय विशेषज्ञ एवं 30 रिसोर्स शिक्षक कार्यरत हैं। कुल कार्यरत पदों में से 18 समावेशी शिक्षा विषय विशेषज्ञ एवं 30 संसाधन शिक्षकों को पिछली सरकार द्वारा सेवा में बरकरार रखा गया है। कर्मचारियों की मांग है कि बाकी कर्मचारियों को सरकारी सेवा में बरकरार रखा जाए और न्याय दिया जाए.

## वाहन को छूने पर 8 साल के बच्चे की अमानवीय पिटाई

> पूर्व प्राचार्य, उनकी पत्नी, बेटे का निंदनीय कारनामा

**चंद्रपुर.**



भिसी में एक पूर्व प्राचार्य, उसकी पत्नी और 25 साल के बेटे ने एक 8 साल के बच्चे को घीसटते हुए अपने मकान में ले जाकर उसे लात घुसो से बुरी तरह से पीट डाला. बच्चे की इतनी खता थी कि उसने उनके वाहन को छू लिया था. यह घटना बुधवार 25 दिसंबर को सुबह 10 बजे हुई. बच्चे के माता पिता ने आरोपियों पर मामला दर्ज करने की मांग की है.

भिसी पुलिस थाने में दर्ज पीडित बच्चे की मां की शिकायत के अनुसार बच्चे को इतना पीटा गया कि उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिसी में भरती किया गया. डॉक्टर की मेडिकल रिपोर्ट के बाद भी आरोपियों पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही है. इसलिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस मामले की निष्पक्ष जांच कर बच्चे को पीटनेवाले आरोपियों पर बाल अत्याचार प्रतिबंधक कानून के तहत गिरफ्तार करें.

पत्र परिषद लेकर पीडित बच्चे मंथन शंकर रामटेके की मां सूर्यकांता, पिता शंकर रामटेके, पूर्व सरपंच विश्रांति रामटेके, सेवक रामटेके, विलास रामटेके, कवडू वासनिक, शामराव रामटेके ने इस मामले की जानकारी दी.

उनके अनुसार सुबह के समय भिसी निवासी 8 वर्षीय बालक मंथन शंकर रामटेके अपने घर की ओर आ रहा था. उसने पूर्व प्राचार्य सुधाकर गोहणे की कार को हाथ लगा लिया. इस पर सुधाकर गोहणे, उसकी पत्नी कांचन गोहणे, पुत्र मयूर गोहणे ने उसे पकड लिया और उसे घिसटते हुए घर के दूसरे माले पर ले जाकर उसे पीटा जिससे उसका एक गाल सूज गया.

इसकी शिकायत सूर्यकांता शंकर रामटेके ने भिसी पुलिस में की तो बच्चे को प्राथमिक स्वाथ्स्य केन्द्र भिसी में भरती किया और डॉक्टर के मेडिकल रिपोर्ट पर पुलिसने पीडित बच्चे के मां को एन.सी अदखलपात्र मामला दर्ज कर न्यायालय से गुहार लगाने का सुझाव दिया. बच्चे के माता पिता का कहना है कि आरोपियों ने उनके बच्चे को अमानवीय तरीके से पीटा है इसलिए आरोपियों पर बाल अत्याचार प्रतिबंधक कानून के तहत मामला दर्ज कर उन पर कार्रवाई की जाए.

## कुनबी समाज कृषि महोत्सव एवं वर-वधू परिचय सम्मेलन का आयोजन



**चंद्रपुर.**

कुनबी समुदाय हमेशा कड़ी मेहनत, ईमानदारी और परंपराओं के संरक्षण के लिए जाना जाता है। इस कृषि उत्सव और होने वाली दुल्हन परिचय सम्मेलन के अवसर पर, हम सभी कृषि क्षेत्र और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए एक साथ आते हैं। विधायक किशोर जोरग़ेवार ने कहा कि संयुक्त रूप से आयोजित यह कार्यक्रम कृषि विकास और सामाजिक प्रतिबद्धता का संगम है।

कुनबी समाज की ओर से चांदा क्लब मैदान में कृषि महोत्सव एवं वर-वधू परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया. वह इसी कार्यक्रम में बोल रहे थे. इस वक्त अध्यक्ष पुरूषोत्तम सातपुते , श्रीधर मालेकर , पूर्व नगरसेवक सुभाष कासनगोट्टुवार , अनिल धानोरकर , मनोहर पौंकर, सुनील मुसले , अजय जयसवाल , विलास माथनकर , पूर्व नगरसेवक गधाई , विनोद पिंपलशेंडे , अतुल देउलकर , अरुण मालेकर , प्रा. अनिल डहाके , प्रो. आदि गणमान्य लोग मंच पर उपस्थित थे।

इस समय आगे बात करते हुए जोरग़ेवार ने कहा कि हम सभी के सहयोग से मैं लगातार दूसरी बार विधायक बनकर विधानसभा पहुंचा हूं. इसलिए अब मुझ पर अधिक जिम्मेदारी है. पिछले पांच वर्षों में हम अनेक विकास कार्य करने में सफल रहे हैं। इसलिए हमने इन पांच वर्षों में कई विकास कार्य करने का निर्णय लिया है।' हम निर्वाचन क्षेत्र में बड़े अध्ययन की तैयारी कर रहे हैं। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक किशोर जोरग़ेवार ने कहा कि वह कई क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं.

वर-वधू का परिचय एक नए रिश्ते की शुरुआत है। यह रिश्ता सिर्फ दो व्यक्तियों के बीच नहीं है, बल्कि दो परिवारों, संस्कृतियों और समुदायों के बीच भी है। आज यहां मौजूद युवाओं को एक-दूसरे को जानना चाहिए और एक नई यात्रा शुरू करनी चाहिए। कृषि महोत्सव के माध्यम से हमारे किसानों को आधुनिक तकनीक, कृषि में नवाचार और सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलती है। हमारे किसान अपनी आय बढ़ाने के रास्ते खोज सकते हैं। कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। सरकार द्वारा किसानों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक किशोर जोरगेवार ने किसानों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की. हमने कुनबी समाज के अध्ययन के लिए 1 करोड़ रुपये का फंड स्वीकृत किया है । इससे एक बड़ी अभिषेक तैयार की जा रही है. विधायक किशोर जोरग़ेवार ने यह भी घोषणा की कि सामग्री की खरीद के लिए 50 लाख रुपये का फंड दिया जाएगा . इसके साथ ही विधायक किशोर जोरग़ेवार ने घोषणा की कि घुग्गुस में कुनबी समुदाय बड़ी संख्या में रह रहा हैं. इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग भी शामिल हुए.

## हत्या से मूल शहर दहला

**मूल.**



27 दिसंबर शुक्रवार रात को ऋतिक शेंडे नामक युवक की हत्या की गई थी। जिसमें मूल पुलिस स्टेशन में अपराध क्रमांक 512/2024 में कलम 103(1), 3(5) भारतीय न्याय दंड संहिता में मामला दर्ज किया गया था। जिला अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक महेश कोंडावार ने दल बनाकर अपराधियों को पकड़ने की कार्यवाही कर 24 घंटे में दो अपराधियों और एक विधि संघर्ष बालक को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी राहुल सतन पासवान 20 मूल निवासी और साथीदार अजय दिलीप गोटेफोड़े 22 के साथ एक विधि संघर्ष बालक को पकड़कर मूल पुलिस की हिरासत मे दिया है।

यह कार्यवाही जिला पुलिस अधीक्षक मुम्मका सुदर्शन, अप्पर पुलिस अधीक्षक रीना जनबंधु के मार्गदर्शन में अपराध शाखा पुलिस निरीक्षक महेश कोंडावार के नेतृत्व मे अपराध शाखा अधिकारी और अमलदार ने की है।

## तालाब में डूबकर मौत

**पोंभुर्णा.**



मच्छली पकडने गए व्यक्ती की पानी में डुबकर मौत होने की घटना पोंभुर्णा तहसील के चेक आष्टा गांव में घटी है। चेक आष्टा का निवासी दत्तु विठु पिंपळकर 55 वर्ष यह 27 दिसंबर 2024 को दोपहर के समय आष्टा के जिला परिषद प्राथमीक शाला के सामने होने वाले तालाब में मच्छली पकडने के लिए जाने पर पानी में डुबकर दत्तु की मौत हो गयी। यह घटना गाव में पता चलते ही ग्रामीणों की बडी भीड हुई। घटना की जानकारी पोंभुर्णा पुलिस को मिलते ही अपने दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव हिरासत में लिया व ग्रामीण अस्पताल पोंभुर्णा में जांच के लिए भेजा। शवविच्छेदन के बाद शव परिवार को सौंपा गया। आगे की जांच पोंभुर्णा पुलिस कर रही है।

## आलापल्ली डिवीजन में बिजली चोरी करने वाले 39 ग्राहकों से 8.28 लाख का जुर्माना वसूल

**अहेरी.**



महावितरण कंपनी के अलापल्ली डिवीजन के अहेरी, जिमलगट्टा और अलापल्ली इलाकों में बड़ी मात्रा मे बिजली चोरी की सूचना बिजली विभाग को मिल रही थी। इस दौरान बिजली उपकेंद्र की टीम ने जिमलगट्टा में 25, अहेरी में 11 और अलापल्ली में 3 समेत 39 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा है। इसलिए उन पर 8.28 लाख का जुर्माना लगाया गया है. इससे बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया है। उक्त मामला मई से दिसंबर 2024 के बीच का है. मिली जानकारी के मुताबिक 39 ग्राहकों में से 36 ग्राहकों पर धारा 135 और 3 ग्राहकों पर धारा 126 लगाई गई. आलापल्ली बिजली वितरण विभाग द्वारा जारी नोटिस के जवाब में, 19 बिजली उपभोक्ताओं ने विभाग द्वारा किए गए समझौता राशि का भुगतान किया। सबसे ज्यादा 11 हजार 431 यूनिट चोरी करने वाले आलापल्ली सब-डिवीजन के शरद जयंत गजभिए पर 12 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। उक्त समझौता राशि का भुगतान विभाग को कर दिया गया। अभी भी 20 उपभोक्ताओं द्वारा बिजली चोरी किये जाने के बाद भी समझौते के बाद भी बिजली चोरी की राशि का भुगतान नहीं किया गया है, इसलिए, धारा 135 और 126 के तहत किसी भी समय अपराध दर्ज किया जा सकता है और इसके लिए उन्हें कड़ी कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है। हालाँकि, भले ही बिजली विभाग समझौता राशि पर सहमत हो, अगर वे सहमत नहीं होते हैं, तो उन्हें किसी भी समय बिजली कनेक्शन काटने और विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तारी होने की जानकारी, महावितरण कंपनी के अधिकारियों द्वारा दी गई है। 49 हजार 954 यूनिट की 20 जगहों पर बिजली चोरी की 39 घटनाओं के बावजूद करीब 62 हजार का जुर्माना लगाकर समझौता कर राशि वसूल की गई। बिजली चोरी के मामले में अहेरी और नागेपल्ली स्थित कुछ अमीर परिवार, एक डेकोरेटर और वार्ड क्रमांक चार के नागरिक भी शामिल हैं. धारा 135 के तहत 36 और धारा 126 के तहत 3 बिजली चोरी की घटनाएं अब तक सामने आई हैं।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को अकादमिक श्रद्धांजलि

**चंद्रपुर.**




गोंडवाना विश्वविद्यालय, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय और संत गाडगेबाबा अमरावती विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों के प्रोफेसरों ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को ऑनलाइन श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यों पर प्रकाश डालें। श्रीनिवास खांडेवाले का श्रद्धांजलि व्याख्यान आयोजित किया गया। श्रीनिवास खांडेवाले ने अपने व्याख्यान में कहा कि किसान कार्यकर्ता विजय जावंधिया ने विदर्भ में किसानों की आत्महत्या के मुद्दे पर प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था. 1991 के दौरान, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार केवल दो सप्ताह तक चलने के लिए पर्याप्त था, भारत अर्ध-परिस्थिति में था, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भारत को इस गड्ढे से बाहर निकालने का काम किया। 2008 की वैश्विक मंदी का असर भारत तक नहीं पहुंचा. उन्होंने उन्होंने मनमोहन सिंह के एक कथन को याद करते हुए कहा कि, 'जो लोग आज मेरी योजनाओं की आलोचना करते हैं वे कल योजनाओं का फल खुद चखेंगे. अगर हमें देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है तो लोगों को काम करना होगा, मुफ्त देने की संस्कृति को बंद करना होगा, हम 80 करोड़ लोगों को मुफ्त भोजन कैसे दे सकते हैं ? ऐसा सवाल भी उन्होंने उठाया. उन्होंने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में अमीरों और गरीबों के बीच अंतर बढ़ गया है, शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों के पास देश की 50 प्रतिशत संपत्ति है। उन्होंने कहा कि यह अंतर अभी भी बढ़ रहा है.

इस ऑनलाइन श्रद्धांजली कार्यक्रम का परिचय डॉ. योगेश दुधापचेरे, मुख्य व्याख्याता डॉ. श्रीनिवास खांडेवाले का परिचय डॉ. अपर्णा समुद्रा द्वारा किया गया। इस ऑनलाइन श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. जनार्दन काकड़े, डॉ. धीरज कदम, डॉ. मनीष कैरकर, डॉ. विट्ठल गिनमी, डॉ. विठ्ठल थावरी, डॉ. आशीष महातले, डॉ. शरयू पोटनुरवार, प्रो. सुरेश चोपाणे एवं विदर्भ के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रोफेसर उपस्थित थे।

CMYK

# करण और बिपाशा के साथ काम कर पछताए थे मीका

## कहा – दोनों के बहुत ड्रामे हैं



मीका सिंह पंजाबी और हिंदी सिनेमा के बेहतरीन सिंगर हैं. उन्होंने कई सुपरहिट गाने दिए हैं और लोग उनके गानों पर झूमने के लिए मजबूर हो जाते हैं. हाल ही में मीका सिंह ने करण सिंह ग्रोवर और बिपाशा बसु पर कई चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं. मीका ने बताया कि वेब सीरीज 'डेंजरस' की शूटिंग के दौरान कैसे बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर ने जमकर ड्रामेबाजी की थी. मीका सिंह ने एक पॉडकास्ट शो में हैरान करने वाला किस्सा सुनाया. उनका कहना है कि इस कपल के साथ काम करने का एक्सपीरियंस बहुत बुरा रहा.



मीका सिंह ने एक इंटरव्यू दिया. इस दौरान उन्होंने अपना माथा पीट लिया. मीका ने कहा, "मैं डेंजरस में करण सिंह ग्रोवर के साथ एक नई लड़की को लेना चाहता था. ताकि सीरीज का बजट कम रहे और आसानी से बन सके. लेकिन तभी बिपाशा बसु आ गईं और बोलीं हम दोनों इस सीरीज में काम कर सकते हैं. हालांकि वो बजट में तो आ गए लेकिन एक्सपीरियंस बहुत खराब रहा."

मीका ने आगे कहा, "2020 में मैंने विक्रम भट्ट की एक वेब सीरीज डेंजरस बनाई जो कि एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई थी. टीम सॉलिड थी और इसमें अच्छा खासा पैसा लगाया गया था. पूरा शूट लंदन में हो रहा था. करण सिंह ग्रोवर को कास्ट किया था, लेकिन तब तक बिपाशा बसु भी आ गईं. लेकिन अक्षय पाजी ने मुझसे कहा था कि तू प्रोड्यूसर क्यों बन रहा है, तेरा दिमाग खराब है क्या. सलमान खान ने भी मुझसे प्रोड्यूसर बनने के लिए मना किया था, लेकिन मैंने दोनों की बातें नहीं सुनी और प्रोड्यूसर बनने का सोच लिया." मीका सिंह ने आगे कहा, "मैं 50 लोगों की टीम के साथ लंदन गया था, वहां पर तीन महीने का शूट था. लेकिन इन लोगों की वजह से इसे छह महीने तक खींचना पड़ गया. करण और बिपाशा के कई ड्रामे थे. मैंने उनको एक रूम दिया क्योंकि दोनों पति-पत्नी हैं, लेकिन उन्होंने अलग-अलग कमरे की डिमांड कर दी. इसके अलावा उन्होंने होटल बदलने की भी मांग की, जिसको हमें पूरा करना पड़ा. एक सीन में तो करण का पैर फ्रैक्चर हो गया. इसके अलावा उन्होंने स्क्रिप्ट में मौजूद किसिंग सीन पर भी आपत्ति जताई."

# आतिशबाजी के बीच सलमान खान ने काटा केक





बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान ने 27 को अपना 59वां जन्मदिन मनाया। उनके बर्थडे सेलिब्रेशन के कई वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। सलमान खान का जन्मदिन बेहद खास होता है, क्योंकि इसी दिन उनकी भांजी आयत का भी जन्मदिन होता है। अब उनके केक काटने का वीडियो सामने आ गया है। इसमें सलमान खान अपनी भांजी आयत को गोद में उठाकर केक कट करते दिख रहे हैं। जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। उनका कहना है कि बस ऐसे ही उनके फेवरेट सलमान खान खुश रहे। सलमान खान की बर्थडे पार्टी देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों में से एक अंबानी परिवार ने जामनगर में होस्ट की थी। अंबानी परिवार ने ही सलमान खान का बर्थडे बड़े जोरों शोरों से मनाया। सलमान के 59वें जन्मदिन के जश्न में उनके परिवार के अलावा उनके दोस्तों ने भी शिरकत की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जहां सलमान के दोस्तों और परिवार वालों को प्राइवेट जेट में बैठे देखा गया था। सलमान के जन्मदिन में हिस्सा लेने उनके दोस्त और परिवार वाले जामनगर पहुंचे।

सलमान खान का जो केक काटते हुए वीडियो सामने आया है। उसमें भी उनका पूरा परिवार नजर आ रहा है। साथ ही उनके दोस्त में जश्न मना रहे हैं। इस वीडियो में नीता अंबानी और मुकेश अंबानी भी ताली बजाते नजर आ रहे हैं। वहीं, वीडियो देख सलमान खान के फैंस उन्हें एक बार फिर बधाई देते नजर आए।



# दीपिका और रणबीर अपनी निजी जिंदगी में हैं काफी बिजी

दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी निजी जिंदगी में काफी बिजी चल रही हैं. मां बनने के बाद वो अपना पूरा वक्त अपनी बेटी दुआ के साथ गुजार रही हैं और उनकी परवरिश पर ध्यान दे रही हैं. कल्कि 2898 एडी की शानदार सक्सेस के बाद अब फैन्स बेसब्री के साथ दीपिका पादुकोण के कमबैक का इंतजार कर रहे हैं. लेकिन दीपिका के नए बयान के बाद ये साफ हो गया है कि फैन्स को कल्कि 2 के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा. क्योंकि एक्ट्रेस के कमबैक में वक्त लगने वाला है और इस बात का खुलासा भी उन्होंने खुद ही किया है.

कल्कि 2 की शूटिंग को लेकर कहा जा रहा था कि साल 2025 में ये शुरू हो जाएगी. लेकिन अब ऐसा होता हुआ नजर नहीं आ रहा है. दीपिका पादुकोण ने अपनी दुआ के लिए फिलहाल वापसी न करने का फैसला किया है, जिसका मतलब साफ है कि कल्कि 2 की शूटिंग में देरी होना तय है. हाल ही में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने मीडिया को इनवाइट किया था. इस इवेंट में कपल ने अपनी बेटी दुआ को पैपराजी से मिलवाया था. हालांकि इस दौरान उन्हें फोटो खींचने या वीडियो बनाने की इजाजत नहीं थी. इस इवेंट में दीपिका से उनके कमबैक और कल्कि 2 को लेकर सवाल किया गया था. दीपिका ने इस दौरान बताया था कि इस वक्त उनकी प्रायोरिटी बेबी दुआ हैं. खबरों की मानें तो दीपिका अभी अपनी अपकमिंग फिल्मों की शूटिंग शुरू नहीं करने वाली हैं. क्योंकि वो अपनी बेटी को किसी नैनी के हाथों नहीं बढ़ा करवाना चाहती हैं. दीपिका ने कहा "मैं अपनी बेटी को खुद पालूंगी, ठीक वैसे ही जैसे मेरी मां ने मुझे पाला है."8 सितंबर 2024 को दीपिका और रणवीर ने अपनी बेटी दुआ का स्वागत किया था. इस बात की जानकारी कपल ने खुद अपने फैन्स के साथ दीपिका-रणवीर ने शेयर की थी. इसके बाद नवंबर में दोनों ने एक नया पोस्ट शेयर किया और बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का नाम दुआ रखा है. दुआ का अर्थ बताते हुए उन्होंने पोस्ट में लिखा ता प्रार्थना. दीपिका ने अभी तक अपनी बेटी का चेहरा रिवील नहीं किया है.

# जब फटे कपड़ों में आमिर के सामने आ गए थे नवाजुद्दीन सिद्दीकी



मुंबई में स्टार बनने का सपना लेकर आने वाले हर शख्स को तुरंत सफलता नहीं मिल जाती है. यहां कुछ के सपने पूरे होते हैं, तो कुछ लोगों के हाथ निराश लगती है. नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी उन स्टार्स में से हैं, जिन्हें मुंबई आने के बाद बहुत संघर्ष करना पड़ा, तब जाकर आज उनको ये मुकाम हासिल हुआ है. नवाजुद्दीन आज भले ही एक बड़े एक्टर बन चुके हैं, लेकिन वो अपने पुराने संघर्ष के दिनों को भूले नहीं हैं. एक्टर अक्सर इसका जिक्र करते हैं. एक बार उन्होंने बताया था कि कैसे वो आमिर खान के सामने डर से हकलाने लगे थे.नवाज ने देश से लेकर विदेश तक अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है, लेकिन उनका ये सफर आसान नहीं रहा है. नवाजुद्दीन ने फिल्मों में बिना किसी क्रेडिट के काम किया है. एक इंटरव्यू के दौरान नवाजुद्दीन ने करियर की शुरुआत में फिल्म 'सरफरोश' से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया था. कुछ वक्त पहले नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बॉलीवुड बबल से बातचीत के दौरान सरफरोश में काम मिलने को लेकर अपना एक्सपीरियंस शेयर किया था. नवाज ने बताया, "मुझे सरफरोश में एक छोटा सा रोल मिल गया था. मुझसे कहा गया कि आप फिल्मिस्तान आ जाइए. तब मैं इत्तफाक से फिल्म सिटी पहुंच गया था. मुझे क्या पता था कि पहली बार में ही मुझे आमिर खान के साथ काम करने का मौका मिल जाएगा. मेरा छोटा सा रोल था, तो पूरी स्क्रिप्ट में मैं एसीपी राठौड़ के बारे में पढ़ रहा था. मैंने पूछा कि ये राठौड़ कौन



है? तो मुझसे कहा गया कि अपने काम से काम रखो. तुम अपनी लाइनें याद करो." नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, "मैं अंदाजा लगा रहा था कि ये राठौड़ आमिर खान ही होंगे. खैर मैंने अपनी लाइनें याद कीं और शूटिंग के लिए तैयार हो गया. मेरे कपड़े फटे हुए थे और उन पर दाग भी लगे थे. तभी अचानक मेरे सामने आमिर खान आ गए. मैं उनको देखकर डर गया और हकलाने लगा. सौभाग्य से मेरे डायलॉग्स एक डरे हुए आदमी के ही थे. लेकिन उनके सामने मुझे सच में डर लग रहा था. मैं हकला रहा था और लोगों को लग रहा था कि नवाजुद्दीन क्या कमाल की एक्टिंग कर रहा है. इस तरह ये सब हुआ, लेकिन सभी ने मेरी एक्टिंग की तारीफ की."नवाजुद्दीन के करियर की बात करें तो उन्होंने आमिर खान की फिल्म 'सरफरोश' के बाद 'शूल' और 'जंगल' जैसी फिल्मों में भी काम किया है. नवाजुद्दीन सिद्दीकी 'पीपली लाइव' में भी नजर आए हैं. लेकिन उनकी किस्मत का सितारा चमका फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में 'फैजल' के रोल थे. इस फिल्म में उनका एक डॉयलॉग इतना मशहूर हुआ कि मीम्स में तब्दील हो गया. इसके बाद तो उनके पास फिल्मों और सीरीज की लाइन लग गईं.

# हनी सिंह' और 'बादशाह' के झगड़े ने लिया नया मोड़

चर्चित सिंगर 'यो यो हनी सिंह' और 'बादशाह' के बीच सालों पुरानी दुश्मनी खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। हनी सिंह ने रैपर बादशाह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा है कि वह बादशाह से कभी सुलह नहीं करेंगे, क्योंकि उनकी बीमारी का मजाक गानों में उड़ाया गया और गालियां दी गई।सिंगर ने आगे कहा, 'मुझसे लोग अक्सर बादशाह के साथ हुए झगड़े के बारे में पूछते हैं। एक झगड़ा दो लोगों में होता है, लेकिन पिछले 10 साल से एक ही आदमी मुझे गाली दे रहा है, मेरे बारे में गाने बना रहा है, मेरी बीमारी का मजाक बना रहा है। फिर भी मैंने कभी जवाब नहीं दिया।अब जाकर पिछले एक साल से मैंने इसके बारे में बोलना शुरू किया है। क्योंकि मेरे फैंस मुझे मैसेज भेजकर कहते हैं कि प्लीज कुछ बोलिए, ये हमारी गरिमा के बारे में है। एक आदमी लगातार आपके बारे में बुरा बोल रहा है।रिजल्ट ये रहा कि उसने माफी मांगी और अपनी गलती मानी। लेकिन वो उनमें से एक है जो थूकता है और फिर चाटता है। बस देखिए। वो फिर पलटेगा। मैं ऐसे लोगों को कुछ नहीं मानता।'

यो यो हनी सिंह के टिप्पणी के बाद बादशाह ने एक बड़ा कदम उठाया हैं। उन्होंने अपने सभी इंस्टाग्राम पोस्ट या तो डिलीट कर दिए हैं या फिर आर्काइव कर दिए हैं।

# सृष्टि रोड़े ने दी हेल्थ अपडेट



'बिग बॉस 12' की कंटेस्टेंट रह चुकीं सृष्टि रोडे टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं. सृष्टि ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें उन्होंने बताया था कि यूरोप ट्रिप के दौरान वो गंभीर रूप से बीमार पड़ गई थीं और उन्हें फिर अस्पताल में भी भर्ती होना पड़ा था. अब उन्होंने अपनी सेहत पर अपडेट दी है. उन्होंने सभी का शुक्रिया भी अदा किया है. सृष्टि रोडे ने बीते रोज़ इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी लगाई, जिसमें उन्होंने लिखा, 'मैं उन सभी लोगों का दिल से धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मेरा हाल चाल जाना, कमेंट किए, मैसेज किए, कॉल किए और मुझसे मिलने भी आए. आपका प्यार और सपोर्ट मेरे लिए सबकुछ है और मैं सच में भावुक हो गई हूं. मैं सच में बहुत आभारी हूं कि इतने अच्छे और सच्चे लोग मेरी लाइफ में हैं. सबकुछ के लिए धन्यवाद.'इसके साथ ही सृष्टि रोडे ने कहा, 'हर दिन के साथ मैं अच्छा महसूस कर रही हूं. मैं मुझे यकीन है कि मैं जल्द ही ठीक हो जाऊंगी.' इससे पहले सृष्टि रोडे ने कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर किए थे. 26 दिसंबर को एक्ट्रेस अस्पताल में भर्ती हुई थीं, जिसके बाद उन्होंने फैंस को अपनी बीमारी की जानकारी देते हुए एक लंबा पोस्ट लिखा था.सृष्टि रोडे ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'मैं आप सबके साथ एक सच्ची बात शेयर करना चाहती थी. जब मैंने यूरोप ट्रिप के दौरान की अच्छे मोमेंट्स शेयर किए तो एक सच्ची बात थी जो मैंने आपके साथ शेयर नहीं की...जो बहुत बड़ी है. एम्स्टर्डम में मुझे निमोनिया हो गया और मेरी हालत काफी खराब हो गई.'सृष्टि ने आगे लिखा, 'मेरा ऑक्सीजन स्तर अचानक बहुत गिर गया और मुझे अस्पताल में भर्ती कराया गया. मुझे डर था कि मैं अब घर पहुंच पाऊंगी या नहीं. मेरी हालत खराब हुई और मेरे जाने से पहले वीजा भी खत्म हो गया. लंबे संघर्ष के बाद अखिरकार मैं मुंबई वापस आ गई लेकिन मैं अभी भी बीमार हूं. निमोनिया ठीक होने में समय लेता है और मेरे डॉक्टर्स कहते हैं इसमें और समय लगेगा, लेकिन मैं जल्द ही ठीक हो जाऊंगी.'33 साल की सृष्टि रोडे को आपने 'छोटी बहू 2', 'ये इश्क हाय', 'पुनर्विवाह', और 'इश्कबाज' जैसे सीरियल में देख चुके होंगे. सृष्टि 'बिग बॉस 12' का हिस्सा रही हैं और कुछ समय 'द कपिल शर्मा शो' में भी काम कर चुकी हैं. सृष्टि इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं और यहां उन्हें 2 मिलियन लोग फॉलो करते हैं.

# गेम चेंजर' का ट्रेलर लॉन्च करने फैन ने दी धमकी

फिल्मों और उनके एक्सर्ट के फैन्स तो हर जगह ही देखने को मिल जाते हैं, लेकिन कभी-कभी एक्टर्स के लिए कुछ लोगों का प्यार पागलपन में बदल जाता है. हाल ही में एक ऐसा ही केस साउथ फिल्म एक्टर राम चरण के लिए देखने को मिल रहा है. हालांकि, ये पागलपन लोगों को डराने वाला है. दरअसल, हाल ही में सोशल मीडिया पर एक लेटर वायरल हो रहा है, जो कि राम चरण के एक फैन का है, जिसकी पहचान ईश्वर के नाम से की जा रही है.

दरअसल, राम चरण के फैन ने 'गेम चेंजर' के मेकर्स को एक ऑफिशियल लेटर लिखा है, जो कि तेलुगु में है, इसका नाम उसने 'आरआईपी' लेटर' दिया हुआ है. इस लेटर के जरिए उसने मेकर्स के लिए अपने गुस्से को जाहिर करते हुए जल्द से जल्द एक्टर की अपकमिंग फिल्म गेम चेंजर का ट्रेलर रिलीज करने की बात कही है. इतना ही नहीं उसने लेटर में उन्हें धमकी देते हुए ये भी लिखा है कि इस महीने के आखिर या नए साल के मौके पर अगर फिल्म का ट्रेलर रिलीज नहीं किया जाएगा, तो वो अपनी जिंदगी खत्म कर लेगा.



राम चरण और कियारा आडवाणी स्टारर 'गेम चेंजर' 10 जनवरी को रिलीज होने वाली है, लेकिन अभी तक फिल्म का ट्रेलर रिलीज नहीं किया गया है, यहां तक कि इससे रिलेटेड कोई अपडेट भी सामने नहीं आया है. इस पर गुस्सा जाहिर करते हुए ईश्वर ने अपने लेटर में लिखा, "आप फैन की भावनाओं के बारे में बिल्कुल नहीं सोच रहे हैं. अगर आप ने इस महीने के आखिर तक फिल्म का कोई टीजर या अपडेट जारी नहीं किया,

या नए साल के मौके तक ट्रेलर रिलीज नहीं करते हैं, तो मुझे आपको यह बताते हुए दुख होगा कि मुझे अपनी जिंदगी को खत्म करने का बड़ा कदम उठाना पड़ेगा."

फिल्म के मेकर्स ने नवंबर में ही 'गेम चेंजर' के ट्रेलर रिलीज करने की बात कही थी, लेकिन फिलहाल फिल्म के गाने ही रिलीज किए गए हैं. एस शंकर के डायरेक्शन में बनी 'गेम चेंजर' पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म है. इस फिल्म में राम चरण आईएएस ऑफिसर के किरदार में नजर आने वाले हैं. हाल ही में इस फिल्म की तारीफ 'पुष्पा 2' के डायरेक्टर सुकुमार ने की थी. उन्होंने ये भी दावा किया था कि 'गेम चेंजर' के लिए राम चरण को नेशनल अवॉर्ड मिलेगा. उन्होंने कहा था कि चिरंजीवी सर के साथ मैंने ये फिल्म देखी है. इस फिल्म का फर्स्ट पार्ट काफी कमाल का था.

# कोनेरू हंपी ने दूसरी बार जीता विश्व रैपिड शतरंज खिताब

**नई दिल्ली.**



भारत की महिला शतरंज खिलाड़ी कोनेरू हंपी ने रविवार को न्यूयॉर्क में राउंड-11 में इंडोनेशिया की इरीन खारिस्मा सुकंदर को हराकर फिडे वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप 2024 का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने 11 में से 8.5 अंक के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। यह दूसरी बार है, जब उन्होंने इस खिताब को अपने नाम किया है। इससे पहले उन्होंने मॉस्को में 2019 संस्करण में पहला खिताब जीता था।

जीत के बाद कोनेरू हंपी ने कहा, 37 साल की उम्र में विश्व चैंपियन बनना आसान नहीं है। जब आप उम्रदराज हो जाते हैं तो प्रेरणा बनाए रखना और जरूरत पड़ने पर तेज बने रहना काफी मुश्किल होता है। मुझे खुशी है कि मैंने यह कर दिखाया। उन्होंने कहा, मैं दूसरी बार यह टाइटल जीतकर बेहद खुश हूं। हालाकि मुझे इसकी बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी, क्योंकि मैं अपना पहला राउंड गेम हार गई थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं विश्व चैंपियन के रूप में टूर्नामेंट खत्म कर पाउंगी। यह जीत बहुत खास है। जब मैं अपने निचले स्तर पर होती हूं तो मुझे लगता है कि इसने मुझे लड़ने और शतरंज पर फिर से काम करने के लिए प्रेरित किया।

चीन की जू वेनजुन के बाद अब भारत की नंबर एक महिला शतरंज खिलाड़ी कोनेरू हंपी एक से ज्यादा बार यह खिताब जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं। हालाकि वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी हैं। इस बीच, रुस के 18 वर्षीय वोलोडर मुर्जिन ने ओपन रैपिड जीतने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में इतिहास रच दिया है।कोनेरू की जीत 2024 में भारतीय शतरंज की शानदार सफलता में एक और उपलब्धि जोड़ती है। इससे पहले इस गर्मी में शतरंज ओलंपियाड में ओपन और महिला प्रतियोगिता दोनों में स्वर्ण पदक जीता था और डी गुकेश ने क्लासिकल शतरंज में विश्व चैंपियन का खिताब जीता था।

**पीएम मोदी ने दी बधाई**

कोनेरू हंपी की जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोनेरू हंपी को बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा, आपकी दृढ़ता और प्रतिभा लाखों लोगों को प्रेरित करती है। यह जीत और भी ऐतिहासिक है क्योंकि यह आपका दूसरा विश्व रैपिड चैंपियनशिप खिताब है। यह अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल करने वाली वह एक मात्र भारतीय महिला बन गई हैं।

# टी20 क्रिकेट ऑफ द ईयर के लिए नोमिनेट 4 खिलाड़ी

**नई दिल्ली.**

आईसीसी अवॉर्ड्स 2024 के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाले प्लेयर्स की लिस्ट सामने आने लगी हैं. हाल ही में आईसीसी ने इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए खिलाड़ियों को नोमिनेट किया था. अब आईसीसी टी 20 क्रिकेट ऑफ द ईयर के लिए नोमिनेट किए गए खिलाड़ियों के नामों का ऐलान कर दिया गया है. आईसीसी ने इस अवॉर्ड के लिए 4 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया है, जिसमें भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे का 1-1 खिलाड़ी है. लेकिन भारत को टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीताने वाले जसप्रीत बुमराह का नाम इस लिस्ट में शामिल नहीं है.

टी 20 क्रिकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए के युवा गेंदबाज अर्शदीप सिंह को नोमिनेट किया गया है. पिछले कुछ सालों में अर्शदीप सिंह टी20 क्रिकेट में भारत के मुख्य तेज गेंदबाज की भूमिका निभा रहे हैं. साल 2024 में वह भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे. उन्होंने कुल 18 मैच खेले और 13.5 के औसत से 36 विकेट अपने नाम किए. टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में भी अर्शदीप सिंह ने मैच को पलटने के लिए बुमराह का पूरा साथ दिया था. उन्होंने फाइनल के 19वें ओवर में सिर्फ 4 रन ही दिए थे. जिसके चलते भारत टारगेट तो डिफेंड करने में कामयाब रही थी.

बाबर आजम भी टी20 क्रिकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए नोमिनेट किए गए हैं. इस साल उन्होंने टी20 में फुल मेंबर टीम के खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं. उन्होंने इस साल 24 मैचों में 33.54 के औसत से 738 रन बनाए हैं, जिसमें छह अर्धशतक और करीब सौ चौके शामिल हैं. वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड को अपने नाम करने के भी काफी करीब हैं, जिसके लिए उन्हें 8 रन की जरूरत है. फिलहाल रोहित शर्मा 4231 रनों के साथ सबसे आगे हैं, लेकिन वह टी20I से संन्यास ले चुके हैं.

एशिया के इन दो खिलाड़ियों के अलावा सिकंदर रजा और ट्रैविस हेड भी T20 क्रिकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड की रेस में शामिल हैं. सिकंदर रजा ने साल 2024 में 24 टी20 मैच खेलते हुए 573 रन बनाए हैं, इसके अलावा गेंदबाजी में भी कमाल का प्रदर्शन किया है. इस साल उनके नाम कुल 24 विकेट दर्ज हैं, जिसमें एक मैच में 5 विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है. दूसरी ओर ट्रैविस हेड के नाम 15 टी20 मैचों में 38.5 के औसत से 539 रन दर्ज हैं. उन्होंने ये रन 178.47 की स्ट्राइक रेट से बनाए. वह टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भी तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे.

# पैरालिंपिक पदक विजेता ने पैनल पर सवाल उठाए

**नई दिल्ली**

. पैरालिंपिक में दो बार के रजत पदक विजेता योगेश कथूनिया ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने लगातार प्रदर्शन के बावजूद प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामांकित नहीं किए जाने पर निराशा व्यक्त की।कथूनिया ने पुरस्कार चयन प्रक्रिया में पक्षपात और पारदर्शिता की कमी पर हताशा जाहिर की। उन्होंने 'पीटीआई वीडियो' को कहा, ''मुझे नहीं पता कि उन्होंने क्या मानदंड निर्धारित किए हैं। मैंने फॉर्म भी भरा है। ऐसा नहीं है कि मैंने फॉर्म नहीं भरा। मैंने सब कुछ किया, लेकिन सबसे ज्यादा कुल अंक प्राप्त करने के बाद भी मुझे इस बार भी नामांकित नहीं किया गया।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप 2016-2020 को देखें तो तब कोई पक्षपात नहीं होता था।''

कथूनिया ने कहा, ''मुझे अच्छी तरह याद है, पिछली बार मैंने अर्जुन पुरस्कार के लिए फॉर्म भी नहीं भरा था, फिर भी मुझे नामांकित किया गया। एक नीति थी कि अगर आप पैरालिंपिक या ओलंपिक में खेलते हैं और पदक जीतते हैं तो आपके नाम पर सीधे विचार किया जाएगा। आप इस बार ऐसा क्यों नहीं कर सकते? उन्होंने कहा, ''अगर आप पहले ऐसा कर सकते थे तो अब क्यों नहीं? अगर हमें पुरस्कार मांगना ही है तो खेलने का क्या फायदा? अगर

# साउथ अफ्रीका ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में मारी एंट्री

**नई दिल्ली.**



साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है. टेंबा बावुमा की कप्तानी वाली टीम ने एक रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को सिर्फ 2 विकेट के करीबी अंतर से हरा दिया और पहली बार खिताबी मुकाबले का टिकट कटाया. सेंचुरियन में खेले गए इस मुकाबले के चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने कगिसो रबाडा और मार्को यानसन की 9वें विकेट के लिए ताबड़तोड़ 51 रन की नाबाद साझेदारी के दम पर हार को जीत में बदल दिया. वहीं दूसरी पारी में मोहम्मद अब्बास के 6 विकेट भी पाकिस्तान को जीत नहीं दिला सके. मैच के तीसरे दिन पाकिस्तान को दूसरी पारी में 237 रन पर आउट करने के बाद साउथ अफ्रीका को 148 रन का लक्ष्य मिला था लेकिन अब्बास और खुर्रम शहजाद ने सिर्फ 19 रन तक 3 विकेट गिरा दिए थे. यहां से एडन मार्करम और कप्तान टेंबा बावुमा ने पारी को संभाला. चौथे दिन दोनों बल्लेबाजों ने 27 रन के स्कोर से पारी को आगे बढ़ाया. अफ्रीकी टीम बेहतर स्थिति में दिख रही थी लेकिन तभी मोहम्मद अब्बास ने मार्करम का विकेट हासिल कर लिया.

इसके बाद भी क्रीज पर कप्तान टेंबा बावुमा थे, जो अच्छी लय में दिख रहे थे और टीम को 96 रन तक पहुंचा चुके थे. साउथ अफ्रीका को सिर्फ 52 रन की जरूरत थी, जबकि 6 विकेट बचे थे लेकिन यहीं पर बावुमा ने एक ऐसी गलती की, जिससे पारी लड़खड़ा गई. अब्बास की गेंद पर गैरजरूरी बड़ा शॉट खेलने गए और विकेटकीपर के हाथों कैच हो गए. इसके बाद उन्होंने ये एक और गलती करते हुए रिव्यू नहीं लिया. रिप्ले में दिख रहा था कि गेंद उनके बैट के बजाए थाई पैड से लगी थी. यहां से अब्बास का कहर बरपा और अगली 11 गेंदों के अंदर साउथ अफ्रीका के 3 विकेट और गिर गए. अब्बास ने लगातार गेंदों पर डेविड बेडिंघम और कॉर्बिन बॉश को आउट कर पहली बार टेस्ट में 6 विकेट झटक लिए.डब्ल्यूटीसी फाइनल जून 2025 में लंदन के लॉर्ड्स मैदान में खेला जाएगा. इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका का सामना किस टीम से होगा, इसका फैसला अभी होना बाकी है. रेस में भारत और ऑस्ट्रेलिया हैं, जिनके बीच एक रोमांचक टेस्ट सीरीज जारी है. मेलबर्न टेस्ट में आखिरी दिन का खेल होना बाकी है और इस मैच का नतीजा ये तय कर सकता है कि कौन इस फाइनल के ज्यादा करीब होगा. साउथ अफ्रीका ने सिर्फ 99 रन पर 8 विकेट गंवा दिए थे और हार तय लग रही थी लेकिन यहां से मार्को यानसन-कगिसो रबाडा ने पैर जमा लिए. दोनों ने इसके बाद अब्बास समेत पाकिस्तानी गेंदबाजों का डटकर सामना किया और टीम को जीत के करीब ले गए. एक बार जीत करीब दिखने लगी तो रबाडा ने चौकों की बारिश कर दी. आमेर जमाल के ओवर में 11 रन बटोर कर साउथ अफ्रीका जीत के बिल्कुल करीब पहुंच गए, जिसके बाद यानसने अब्बास की गेंद पर चौका जमाकर टीम को सनसनीखेज जीत दिलाई. रबाडा सिर्फ 26 गेंदों में 31 और यानसन 16 रन बनाकर नाबाद लौटे.

# डोपिंग मामलों पर खिलाड़ियों को अंधेरे में रखा गया: जोकोविच

**ब्रिसबेन.**

दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रविवार को इस खेल में डोपिंग से जुड़े हाई-प्रोफाइल मामलों से निपटने में 'दोहरे मापदंड' अपनाने की आलोचना की।

जोकोविच चोट से उबर कर सोमवार से शुरू होने वाले 'ब्रिसबेन इंटरनेशनल' से प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे। अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच 2009 के बाद पहली बार 'ब्रिसबेन इंटरनेशनल' में भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट के एकल में उन्हें शीर्ष वरीयता मिली है। जोकोविच ने मौजूदा समय में रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज यानिस सिनर के डोपिंग मामले के बारे में 'अंधेरे में रखे जाने' पर निराशा व्यक्त की। जोकोविच 'बिसबेन इंटरनेशनल' के युगल में ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस के साथ भी जोड़ी बनाएंगे। यह जोड़ी सोमवार से अपना अभियान शुरू करेगी।उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा,''मैं

यह सवाल नहीं कर रहा हूं कि (सिनर ने) जानबूझकर प्रतिबंधित पदार्थ लिया था या नहीं। हमने अतीत और वर्तमान में बहुत सारे खिलाड़ियों को प्रतिबंधित पदार्थों के लिए जांच में पॉजिटिव आने के कारण निलंबित होते देखा है।' उन्होंने कहा, ''कम रैंकिंग वाले कुछ खिलाड़ी एक साल से अधिक समय से अपने मामले के सुलझने का इंतजार कर रहे हैं। मैं वास्तव में निराश हो हूं। हमें ( सिनर मामले पर) कम से कम पांच महीने तक अंधेरे में रखा गया ।''

इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने सिनर और पूर्व महिला विश्व नंबर एक इगा स्वियातेक दोनों पर साल की शुरुआत में डोपिंग रोधी उल्लंघन का आरोप

लगाया था।सर्बियाई खिलाड़ी ने डोपिंग उल्लंघनों के संबंध में टेनिस अधिकारियों की ओर से पारदर्शिता की कमी की भी आलोचना की।जोकोविच ने कहा,'एटीपी ने वास्तव में इसके बारे में खुलकर बात नहीं की है। उन्होंने उस मामले को लोगों से दूर क्यों रखा है? हमने डब्ल्यूटीए टूर पर सिमोना हालेप का मामला देखा हैं, अब इगा स्वियातेक का मामला है।''उन्होंने कहा,''यह हमारे खेल के लिए अच्छी छवि नहीं है। मैं ऐसे मामलों को लेकर प्रणाली के काम करने के तरीके पर सिर्फ सवाल उठा रहा हूं।

# नितीश के पिता ने गावस्कर के छुए पैर

**मेलबर्न.**

एक वीडिया वायरल हो रहा है, जिसमें नीतीश कुमार रेड्डी के पिता सुनील गावस्कर के पैर छुते हुए दिखाई दे रहे हैं. ये वीडियो मेलबर्न में गावस्कर के साथ नीतीश कुमार रेड्डी के परिवार के मुलाकात का है. मुलाकात के दौरान पिता भावुक हो जाते हैं और वो गावस्कर से गले मिलने के बजाए उन्हें पैर छूकर प्रणाम करते हैं. इस दौरान पिता को अपने जमाने के महान बल्लेबाज से बेटे का बखान भी सुनने को मिलता है. मुलाकात के दौरान नीतीश को लेकर गावस्कर उनके परिवार से कहते हैं कि वो भारतीय क्रिकेट का हीरा है.

नीतीश के पिता मुत्याल्या रेड्डी सुनील गावस्कर को पैर छूकर प्रणाम तो करते हैं. मगर, उनका ऐसा करने का अंदाज जरा हटकर होता है. पिता का वो अलग अंदाज ही नजारे को इमोशनल टच देता दिखता है.

# कार्लसन वर्ल्ड रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप से बाहर

**नई दिल्ली.**

पांच बार के विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन पर फिडे के ड्रेस कोड का उल्लंघन करके जींस पहनकर आने के बाद पहले जुर्माना लगाया गया और बाद में उन्हें विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज से बाहर कर दिया गया ।गत चैम्पियन कार्लसन पर जींस पहनने के कारण 200 डॉलर का जुर्माना लगाया गया । टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार जींस पहनना मना है । उन्होंने तुरंत कपड़े बदलकर आने का अनुरोध मानने से इनकार कर दिया तो उन्हें अयोग्य करार दिया गया । उन्होंने अगले दिन ड्रेस कोड का पालन करने पर रजामंदी जताई लेकिन कहा कि वह तुरंत नहीं बदलेंगे।

फिडे ने एक बयान में कहा कि ड्रेस कोड के नियम खिलाड़ियों को भली भांति बता दिये गए थे ।फिडे ने एक्स पर साझा किये गए बयान में कहा कि 'ड्रेस कोड के नियम फिडे खिलाड़ियों के आयोग के सदस्यों ने बनाये हैं जिसमें पेशेवर खिलाड़ी और विशेषज्ञ हैं । ये नियम बरसों से हैं और सभी प्रतिभागियों को इसके बारे में भली भांति पता है । हर टूर्नामेंट से पहले उन्हें इसकी जानकारी दी जाती है।'

फिडे ने आगे लिखा कि 'आज मैग्नस कार्लसन ने जींस पहनकर ड्रेस कोड के नियम का उल्लंघन किया । इतने लंबे समय से चले आ रहे नियमों में यह साफ है कि जींस पहनना निषिद्ध है । मुख्य पंचाट ने कार्लसन को इसके बारे में बताया और 200 डॉलर का जुर्माना लगाया । उनसे कपड़े बदलने का अनुरोध किया गया जो उन्होंने नहीं माना । इस वजह से उन्हें अयोग्य करार देना पड़ा।'

इससे पहले रूस के ग्रैंडमास्टर इयान नेपोम्नियाश्चि ने भी इस नियम का उल्लंघन किया था लेकिन वह कपड़े बदलकर लौट आये जिससे उन्हें बाहर नहीं किया गया ।इस बीच कार्लसन ने कहा कि वह ब्लिट्ज वर्ग में भाग नहीं लेंगे क्योंकि फिडे की ड्रेस कोड नीति से वह तंग आ चुके हैं ।उन्होंने नॉर्वे के मीडिया से कहा कि 'मैं फिडे से आजिज आ चुका हूं और अब और नहीं सह सकता । मैं सभी से माफी मांगना चाहता हूं । यह बेहद हास्यास्पद नियम है । मैं कल कपड़े बदल सकता था लेकिन वे सुनने को ही तैयार नहीं है।'

# द.अफ्रीका ने रोमांचक मुकाबले में पाक को हराया

दक्षिण अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान को 2 विकेट से हरा दिया. दक्षिण अफ्रीका ने सेंचुरियन में खेले गए मुकाबले में रोमांचक जीत दर्ज की. उसने इस जीत के साथ ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है. दक्षिण अफ्रीका फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है.पाकिस्तान ने पहली पारी में 211 रन और दूसरी पारी में 237 रन बनाए थे. वहीं दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 301 रन और दूसरी पारी में 150 रन बनाकर मैच जीत लिया. दक्षिण अफ्रीका के लिए एडिन मार्करम ने दमदार प्रदर्शन किया. वहीं कगीसो रबाडा ने बैटिंग में कमाल दिखाते हुए जीत दिलाई. पाकिस्तान ने पहली पारी में 211 रन बनाए थे. इस दौरान बाबर आजम और शान मसूद समेत कई दिग्गज खिलाड़ी फ्लॉप साबित हुए.

# मेलबर्न टेस्ट का चौथा मुक़ाबला बेहद रोमांचक मोड़ पर

**मेलबर्न.**



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुक़ाबला बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 333 रनों की बढ़त बनाते हुए मैच में मजबूत पकड़ बना ली है। ऐसे में यहां से यह टेस्ट या तो ड्रा होगा और या फिर ऑस्ट्रेलिया इसे अपने नाम कर लेगा।जसप्रीत बुमराह के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खास रही है। उन्होंने इस सीरीज में एक बाद एक ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं, जिन्हें क्रिकेट फैंस शायद ही भूल पाएं। इस सीरीज चौथे टेस्ट में रविवार को ट्रैविस हेड का विकेट लेते ही जसप्रीत बुमराह ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया है। अपने 44वें टेस्ट में स्टार पेसर ने अपना 200वां विकेट लिया और 200 क्लब में शामिल हो गए। अब बुमराह टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 200 विकेट पूरे करने वाले पहले भारतीय पेसर बन गए हैं। इतना ही नहीं इसके साथ ही उन्होंने कई और रिकॉर्ड भी अपने नाम किए हैं।

दोनों ही स्थिति में भारत को नुकसान झेलना पड़ेगा और उसके वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (WTC) के फ़ाइनल में पहुंचने की राह और भी मुश्किल हो जाएगी। ऐसे में भारतीय टीम इस मैच को हर हाल में जीतना चाहेगा। भारत को अगर ऐसा करना है तो उन्हें पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे की रणनीति अपनानी होगी। पिछली बार जब भारत ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर आया था। तब गाबा में खेले गए सीरीज के आखिरी मैच में कुछ इसी तरह की परिस्थिति बनीं थी। तब रहाणे ने भारतीय बल्लेबाजों को आक्रामक रुख अपनाने को कहा था और टीम इंडिया ने मात्र एक दिन में 328 रनों का विशाल लक्ष्य हासिल किया था।

जसप्रीत बुमराह ने बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 28.4 ओवर में 99 रन देकर 4 विकेट चटकाए थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मध्यक्रम को तहस-नहस करते हुए उस्मान ख्वाजा, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श और नाथन लायन जैसे खिलाड़ियों को आउट किया था। वहीं दूसरी पारी में उन्होंने सैम कोंस्टास को अपना अपना पहला शिकार बनाया और फिर ट्रैविस हेड का विकेट लेते ही 200 टेस्ट विकेट पूरे किए। इसके बाद बुमराह ने मिचेल मार्श और एलेक्स कैरी का शिकार किया। ऑस्ट्रेलिया ने कभी नहीं सोचा था कि भारतीय बल्लेबाज मैच के आखिरी दिन इतना बड़ा लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। अब मेलबर्न में भी हालत कुछ ऐसे ही हैं। ऐसे में अगर एक बार फिर पंत अपना विकराल रूप दिखाये और गाबा की तरह यहां भी तेजी से बल्लेबाजी करें तो टीम इंडिया यह मैच जीत सकती है।

## ऑस्ट्रेलिया ने ली 333 रनों की बढ़त

चौथे दिन का खेल खत्म. लेकिन ऑस्ट्रेलिया की पारी खत्म नहीं हुई है. कंगारु टीम के टेलएंडर्स ने भारत के नाक में दम कर दिया. पैट कमिंस के 41 रन, नाथन लॉयन के 40 रन और स्कॉट बोलैंड के 10 रन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम 3 विकेटों के लिए 137 रन जोड़ दिए हैं. चौथे दिन का खेल खत्म होने कंगारु टीम 9 विकेट के नुकसान पर 228 रन बना चुकी है. अब उसकी कुल बढ़त 333 रन की हो गई है.

जसप्रीत बुमराह ने भारत के महान क्रिकेटर कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इससे पहले कपिल देव के नाम सबसे तेज 200 विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज था। कपिल देव ने भारत के लिए खेलते हुए अपने 50वें टेस्ट मैच में ये उपलब्धि हासिल की थी। जबकि जसप्रीत बुमराह ने अब अपने 44वें टेस्ट में ही ये उपलब्धि हासिल कर ली है।

# पंजाब और कर्नाटक की जीत

**नई दिल्ली.**



भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के पांच विकेट और सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की नाबाद 150 रन की पारी से पंजाब ने शनिवार को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप सी मैच में मुंबई को आठ विकेट से हरा दिया। प्रभसिमरन ने महज 101 गेंद में 150 रन बनाए जिसमें 14 चौके और 10 छक्के जड़े। उन्होंने अभिषेक शर्मा (66 रन, चार चौके, पांच छक्के) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 21.5 ओवर में 150 रन की भागीदारी निभाई जिससे पंजाब ने 249 रन का लक्ष्य महज 29 ओवर में हासिल कर लिया।

इससे पहले मुंबई की टीम अर्शदीप (38 रन देकर पांच विकेट) के सामने जूझती नजर आई जिससे टीम 48.5 ओवर में 248 रन पर सिमट गई। एक समय मुंबई की टीम 28 रन पर पांच विकेट गंवाकर जूझ रही थी जिसके बाद यह स्कोर सात विकेट पर 112 रन हो गया। लेकिन अंत में अर्थव अंकोलेकर (66 रन) और शार्दुल ठाकुर (43 रन) की मदद से मुंबई सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रहा। ग्रुप चरण में मुंबई की दूसरी हार है, इससे पहले उसे पिछले हफ्ते टूर्नामेंट के बड़े स्कोर वाले शुरूआती मैच में कर्नाटक से पराजय झेलनी पड़ी थी।

कर्नाटक ने कप्तान मयंक अग्रवाल के दूसरे मैच में दूसरे शतक की बदौलत अरूणाचल प्रदेश पर 10 विकेट की जीत से ग्रुप सी में अपना शीर्ष स्थान पक्का कर लिया। तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक और बाएं हाथ के स्पिनर हार्दिक राज ने चार-चार विकेट झटके जिससे कर्नाटक ने अरूणाचल प्रदेश को 166 रन पर समेट दिया। कर्नाटक ने फिर यह लक्ष्य महज 14.2 ओवर में हासिल कर लिया जिसमें अग्रवाल के नाबाद 100 रन (45 गेंद, सात चौके, सात छक्के) के अलावा अभिनव मनोहर ने 66 रन (41 गेंद, चार चौके, चार छक्के) का योगदान दिया।

वहीं ग्रुप ई के मैच में भारतीय आलराउंडर हार्दिक पांड्या विफल रहे जिससे बड़ौदा को बंगाल से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पांड्या महज एक रन बना पाये जिससे बड़ौदा ने 228 रन का स्कोर बनाया। बंगाल ने अनुष्टुप मजूमदार के नाबाद 99 रन से यह लक्ष्य महज तीन विकेट गंवाकर 43 ओवर में हासिल कर लिया। हैदराबाद में दिल्ली की केरल पर जीत में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इशांत शर्मा (48 रन देकर तीन विकेट) ने चमकदार प्रदर्शन किया। ग्रुप ई के इस मैच में दिल्ली ने पांच विकेट पर 258 रन बनाये और केरल को 229 रन पर समेटकर 29 रन से जीत दर्ज की।

प्लेयर ऑफ द मैच अभिषेक गोस्वामी (85) के शानदार अर्धशतक की मदद से उत्तर प्रदेश ने शनिवार को विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप मुकाबले में छत्तीसगढ़ को 32 रन से हराया। उत्तर प्रदेश ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 272 रन बनाए। अभिषेक ने 81 गेंदों की पारी में 13 चौके और एक छक्का लगाया। उनके अलावा शिवम मावी ने 48 गेंदों में नाबाद 52 रन की पारी खेली, जबकि समीर रिजवी ने भी 48 रन का योगदान दिया। हालांकि कप्तान रिंकू सिंह एक रन पर ही आउट हो गए। हर्ष यादव को सर्वाधिक तीन विकेट मिले। जवाब में छत्तीसगढ़ की टीम 49.4 ओवर में 240 रन पर ही सिमट गई।

# भूकंप से कांपी गुजरात की धरती

**कच्छ.**

गुजरात के कच्छ की धरती एक बार फिर भूकंप के झटकों से कांप उठी है। रविवार सुबह कच्छ में 3.2 की तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। गांधी नगर स्थित भूकंप विज्ञान अनुसंधान संस्थान के मुताबिक सुबह 10.06 पर कच्छ में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.2 मापी गई है। भूकंप की तीव्रता कम होने के चलते किसी के हताहात होने या किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं हैं।

**तीन से अधिक तीव्रता वाला तीसरा भूकंप**

भूकंप विज्ञान अनुसंधान संस्थान के मुताबिक इस भूकंप का केंद्र भचाऊ से 18 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व में स्थित था। इस महीने जिले में तीन से अधिक तीव्रता वाला यह तीसरा भूकंप है। इससे पहले 23 दिसंबर और सात दिसंबर को भी कच्छ में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। 23 दिंसबर को कच्छ में 3.7 तीव्रता का भूकंप आया था। वहीं सात दिसंबर को भी भूकंप के झटकों से कच्छ की धरती कांपी थी।



## जम्मू-कश्मीर में भी भूकंप के झटके

वहीं शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर चार मापी गई थी। भूकंप के झटके रात नौ बजकर छह मिनट पर उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप से किसी तरह को कोई नुकसान नहीं हुआ।

रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3. 2 मापी गई थी।

## दिल्ली में 101 साल पहले हुई थी एक दिन में इससे ज्यादा बारिश

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आस-पास के इलाकों में पिछले कुछ दिनों से बारिश हो रही है। इस दौरान शनिवार को भी दिन भर बादल छाए रहे। वहीं लगातार हो रही बारिश की वजह से दिल्ली में ठंड भी काफी बढ़ गई है। वहीं राजधानी दिल्ली में 101 वर्षों में दिसंबर में एक दिन में सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक के पिछले 24 घंटों में 41.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिसके कारण दिनभर तापमान सामान्य से कम रहा। आईएमडी के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में 3 दिसंबर 1923 को एक ही दिन में सबसे अधिक बारिश हुई थी.

# कनाडा में भी बड़ा विमान हादसा

**ओटावा.**

दक्षिण कोरिया के बाद कनाडा में भी बड़ा विमान हादसा होते-होते टला है। कनाडा के हेलीफैक्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक विमान का विंग लैंडिंग के वक्त रनवे- से रगड़ता दिख रहा है और इसके बाद उसमें भीषण आग की लपटें उठने लगती हैं। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना अभी अतक नहीं है।

बताया जा रहा है कि यह हादसा शनिवार की रात हेलीफ़ैक्स अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुआ। यह भी वाणिज्यिक एयरलाइन का विमान था। जानकारी के अनुसार PAL एयरलाइंस की उड़ान 2259 जो कि एयर कनाडा के डी हैविलैंड कनाडा डैश 8-400 के साथ हवाई अड्डे पर लैंडिंग कर रहा था।

इसी दौरान उसका लेफ्ट-विंग रनवे पर रगड़ने लगा। इसके बाद उसमें आग लग गई। लेफ्ट विंग के लैंडिंग गियर को नुकसान होने के बाद विमान को आपातकालीन लैंडिंग के लिए मजबूर होना पड़ा।

इस प्रकार एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया है।



बताया गया है कि यात्रियों को केवल मामूली चोटें आईं। विमान के लैंडिंग गियर में लगी छोटी सी आग को अग्निशमन सेवाओं द्वारा तुरंत बुझा दिया गया। इससे पहले दक्षिण कोरिया के मुआन में आज एक भीषण विमान हादसा हुआ, जिसमें अब तक 130 से अधिकि लोगों की मौत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि दक्षिण कोरिया का यह विमान पहले हवा में एक पक्षी से टकराया था। उसके बाद इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान उसका लैंडिंग गियर फेल हो गया और वह एयरपोर्ट के दीवार की फेंसिंग से टकरा कर भीषण बम के गोले में तब्दील हो गया। विस्फोट के साथ ही यात्रियों के परखच्चे उड़ गए।

# एलन मस्क ने एच-1 बी वीजा को लेकर किया बड़ा ऐलान

**वाशिंगटन.**

एलन मस्क ने एच-1 बी वीजा को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उनका कहना है कि वह एच-1बी वीजा कार्यक्रम को बचाने के लिए युद्ध तक कर सकते हैं। एलन मस्क के इस ऐलान के बाद उनको नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन भी मिल गया है।

एक दिन पहले ही अरबपति कारोबारी ने कुशल विदेशी पेशेवरों को अमेरिका लाने को इस कार्यक्रम की रक्षा करने के लिए युद्ध तक करने की कसम खाई थी। ट्रंप ने अपने सरकारी दक्षता मंत्रालय का नेतृत्व करने के लिए मस्क को भारतीय-अमेरिकी प्रौद्योगिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी के साथ चुना है।

मस्क ने पिछले हफ्ते तर्क दिया था कि उनकी स्पेसएक्स और टेस्ला जैसी प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए विदेशी पेशेवरों की जरूरत है। मस्क ने शुक्रवार को इस बारे में 'एक्स' पर एक उपयोगकर्ता को फटकार लगाई, जिसने वीजा कार्यक्रम पर उनके रुख पर हमला करने के लिए उनके ही एक वीडियो का इस्तेमाल किया था। मस्क ने 'एक्स' पर लिखा, "मैं एच1बी कार्यक्रम के कारण ही स्पेसएक्स, टेस्ला और अमेरिका को मजबूत



बनाने वाली सैकड़ों अन्य कंपनियों का निर्माण करने वाले कई महत्वपूर्ण लोगों के साथ अमेरिका में हूं।"

**ट्रंप ने लिया मस्क का पक्ष**

इसके बाद शनिवार को ट्रंप ने मस्क का पक्ष लेते हुए कहा कि वह अपने कुछ समर्थकों के विरोध किए जाने वाले कार्यक्रम का पूरी तरह से समर्थन करते हैं। उन्होंने न्यूयॉर्क पोस्ट अखबार से कहा, "मुझे हमेशा से वीजा पसंद रहे हैं, मैं हमेशा से वीजा के पक्ष में रहा हूं। इसलिए हमारे पास ये हैं।"

उन्होंने आगे कहा, "मैं एच-1बी वीजा में विश्वास करता रहा हूं। मैंने कई बार इसका इस्तेमाल किया है। यह एक शानदार कार्यक्रम है।" एच-1बी वीजा एक गैर-प्रवासी वीजा है, जिसके तहत अमेरिकी कंपनियों को ऐसे विशेष व्यवसायों में विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति मिलती है, जिनमें व्यावसायिक या प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता की जरूरत होती है।

## बैल से इतना प्यार! मौत के बाद की तेरहवीं

**वाशिम.** महाराष्ट्र के वाशिम में जानवर और इंसान के बीच प्यार की एक मिसाल देखने को मिली है। यहां एक बैल की मौत के बाद ग्रामीणों ने उसका अंतिम संस्कार पूरे विधि विधान के साथ किया है। यही नहीं ग्रामीणों ने बैल की तेरहवीं की रस्म भी निभाई है।

महाराष्ट्र के वाशिम जिले के भटउमरा गांव में वारकरी परंपरा से जुड़ी एक अनूठी घटना देखने को मिली। गांववासियों के प्रिय बैल के निधन के बाद उसका अंतिम संस्कार पूरी विधि-विधान से किया गया और तेरहवीं की रस्म भी निभाई गई।

तेरहवीं के अवसर पर गांव के सभी बैलों को मीठा प्रसाद खिलाया गया और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इसके अलावा, किसानों का सम्मान करते हुए उन्हें शॉल और टोपी देकर सत्कार किया गया। गांववासियों ने बताया कि यह परंपरा वारकरी संप्रदाय की संस्कारों के कारण पीढ़ियों से निभाई जा रही है। भटउमरा गांव में बैल को सिर्फ खेतों में काम करने वाला पशु नहीं माना जाता, बल्कि उसे परिवार का हिस्सा माना जाता है।

बैल के निधन के बाद भी उसे मानवीय सम्मान दिया जाता है। गांव के अभिमान काले ने कहा, 'बैल हमारी खेती और परिवार का सहारा है।

# श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 4 की मौत; 40 लोग घायल



**कोरापुट.**

ओडिशा के कोरापुट जिले में रविवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक बस के पलट जाने से चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 40 अन्य लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ये बस करीब 50 श्रद्धालुओं को लेकर गुप्तेश्वर जा रही थी। इस दौरान चालक ने बस से अपना नियंत्रण खो दिया और बस पलट गई। ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए सहायता राशि का भी ऐलान किया।

**गुप्तेशर मंदिर जा रही थी बस**

पुलिस ने बताया कि यह हादसा कोरापुट जिले के बोइपारीगुडा थाना क्षेत्र में हुआ। यहां के गुप्तेश्वर के पास डोकरीघाट में तड़के करीब साढ़े पांच बजे बस पलट गई। पुलिस के मुताबिक बस कटक के नियाली से लगभग 50 श्रद्धालुओं को लेकर गुप्तेश्वर मंदिर जा रही थी। एक अधिकारी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद आनन-फानन में घायल यात्रियों को बचाया गया और उन्हें बोइपारीगुडा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**सीएम ने जताया दुख**

अधिकारियों ने बताया कि ऐसी आशंका जताई जा रही है कि पहाड़ी सड़क के कठिन मोड़ पर वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में एक 12 वर्षीय बच्चा भी शामिल है। उन्होंने बताया कि कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिनमें से कई ने अपने हाथ और पैर खो दिए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों में कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। वही ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा भी की। इसके अलावा मुख्यमंत्री माझी ने अधिकारियों को गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का जिला मुख्यालय अस्पताल में उपचार सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# लव गुरु प्रोफेसर मटुकनाथ को फिर प्रेमिका की तलाश

**पटना.**



कभी लव गुरू के नाम से देश भर में प्रसिद्धि पाने वाले प्रोफेसर मटुकनाथ लंबे अंतराल के बाद अपने एक पोस्ट की वजह से चर्चा में हैं। पटना विश्वविद्यालय से रिटायर होने के बाद मटुकनाथ को अकेलापन सता रहा है और यही वजह है कि वह अब अपनी नई जीवन संगिनी की तलाश में हैं।

प्रोफेसर मटुकनाथ ने फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिए खुद के लिए प्रेमिका की तलाश शुरू की है, जिससे उनकी निजी जिंदगी का नया अध्याय शुरू हो सके। बता दें कि मटुकनाथ की प्रेम कहानी उनकी शिष्या जूली से शुरू हुई थी, जूली के साथ उनके रिश्ते की चर्चा न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी हुई थी, लेकिन समय के साथ दोनों के रिश्तों में दरार आ गई और जूली ने मटुकनाथ का साथ छोड़ दिया।

## मटुकनाथ ने फेसबुक पोस्ट में क्या लिखा?

मटुकनाथ ने फेसबुक पोस्ट कर लिखा, 'आवश्यकता, एक पढ़े-लिखे, समझदार इकहत्तर वर्षीय बूढ़े किसान को पढ़ी -लिखी, समझदार 50-60 के बीच की बुढ़िया चाहिए। बहुत पसंद आ जाने पर उमर में ढील दी जाएगी। शर्त एक ही है कि वासना रहित प्यार के लेन-देन में सक्षम हो। प्यार, पुस्तक और यात्रा में दिलचस्पी हो पर निंदा से दूर रहे।' मटुकनाथ ने लिखा, 'जब भी वह किसी की चर्चा करे तो उसके गुणों की करे। सादा और स्वादिष्ट भोजन बनाने में निपुण हो। पुरुषों से सहयोग लेने की कला में पटु हो। ध्यान में दिलचस्पी हो तो कहना ही क्या! हंसमुख हो। निरर्थक बातें न करती हो। धन -लोभी न हो। सज्जनों के प्रति प्रेम और दुर्जनों के प्रति क्रोध से भरी हो। बूढ़े ने बुढ़िया से इतने गुणों की अपेक्षा इसलिए की है, क्योंकि ये गुण उसमें भी विद्यमान हैं।' प्रोफेसर मटुकनाथ का ये फेसबुक पोस्ट खूब चर्चा में है और लोग इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

# 'यूएन' ने डॉ. मनमोहन के निधन पर जताया दुख

**संयुक्त राष्ट्र.**

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटरेस ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सिंह के परिवार, सरकार और भारत के लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। गुटरेस ने भारत और संयुक्त राष्ट्र में पूर्व प्रधानमंत्री के योगदान का उल्लेख किया। संरा महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, "भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन की खबर सुनकर महासचिव दुखी हैं। सिंह ने भारत के हालिया इतिहास में, विशेष रूप से इसकी आर्थिक राह को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।" बयान में कहा गया, "वर्ष 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री के रूप में सिंह ने भारत में महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति और विकास के लिए कार्य किया। उनके नेतृत्व में भारत ने संयुक्त राष्ट्र के साथ अपने सहयोग को भी मजबूत किया और वैश्विक पहलों तथा साझेदारी में सक्रिय योगदान दिया।"

डॉ. मनमोहन सिंह की याद में भूटान में प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इससे एक दिन पहले उन्होंने राष्ट्र की ओर से थिम्पू में एक बौद्ध मठ में सिंह के लिए प्रार्थना की थी। भूटान सरकार के अनुसार, भूटान के सभी 20 'जोंगखाग' या जिलों में सिंह के लिए अलग-अलग प्रार्थना समारोह आयोजित किए गए। भूटान की शाही सरकार के अनुसार, सिंह के सम्मान में, पूरे देश में तथा विदेशों में स्थित दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में भूटान का राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका दिया गया। थिम्पू के 'कुएनरे ऑफ ताशिचोदजोंग' में नरेश के नेतृत्व में आयोजित समारोह में मक्खन के एक हजार दीपक जलाए गए। प्रार्थना में प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, भारतीय राजदूत सुधाकर दलेला, शाही परिवार के कई सदस्य और भूटान सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## फिलिस्तीन ने यूं किया याद

भारत में फिलिस्तीन दूतावास के प्रभारी राजदूत अबेद एलराजेग अबू जाजर ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी और फिलिस्तीन के प्रति उनके समर्थन की सराहना की। जाजर ने कहा कि सिंह ने फिलिस्तीन को दिल्ली में अपने दूतावास के लिए जमीन दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जाजर ने फिलिस्तीन की ओर से यहां पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। जाजर ने कांग्रेस मुख्यालय के बाहर संवाददाताओं से कहा, "हमारे बीच संबंधों का इतिहास रहा है। जब वह (सिंह) वित्त मंत्री थे, उन्होंने 1991 में यासिर अराफात से मुलाकात की थी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई बार (फिलिस्तीन के) राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की।" जाजर ने कहा, "हमारे उनके (सिंह) साथ अच्छे संबंध थे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई बार हमारे राष्ट्रपति से मुलाकात की।

## दिल्ली में दो बदमाशों का एनकाउंटर

**नई दिल्ली.** दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके में एनकाउंटर किया गया है। दो बदमाशों पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई की है। दोनों बदमाशों का नाम रिंकू और रोहित है, जिन पर पहले से कई मुकदमें दर्ज हैं। दोनों बदमाशों ने दिल्ली के हरिनगर इलाके में एक आर्म्ड रॉबरी को अंजाम दिया था। दोनो बदमाश दिल्ली समेत कई राज्यों में बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुके है। हाल ही में दोनो बदमाशों ने हथियार के दम पर मध्य प्रदेश के इंदौर में डकैती की थी। बदमाशों ने पुलिस की टीम पर ही किया फायर दिल्ली पुलिस के स्पेशल स्टाफ और एएटीएस यूनिट को एक इनपुट मिला की दो वांटेड बदमाश दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके से जाने वाले हैं। पुलिस टीम ने आज सुबह लगभग 4:30 बजे के आसपास इलाके में ट्रैप लगाया। दोनों बदमाशों को सरेंडर करने को कहा गया, लेकिन बदमाशों ने पिस्टल निकाल पुलिस टीम पर फायर कर दिया।






# 100 मीटर पानी के अंदर से होगी निगरानी

**प्रयागराज.**

उत्तर प्रदेश सरकार ने नए साल की शुरुआत में आयोजित होने वाले प्रयागराज के महाकुंभ में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं। इसके तहत 100 मीटर पानी के नीचे और जमीन से 120 मीटर ऊपर निगरानी करने में सक्षम ड्रोन की तैनाती की जाएगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, इस भव्य आयोजन में 45 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के शामिल होने की संभावना है।

**टेथर्ड ड्रोन' हवाई क्षेत्र से करेंगे रक्षा**

उत्तर प्रदेश में अगले साल 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने वाले ग्रह के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक महाकुंभ के दौरान पहली बार संगम क्षेत्र में पानी के नीचे ड्रोन तैनात किए जाएंगे। 'टेथर्ड ड्रोन' हवाई क्षेत्र से रक्षा करेंगे। इस साल अयोध्या में राम मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान जिस ड्रोन रोधी प्रणाली को पहली बार तैनात किया गया था। उसका इस्तेमाल महाकुंभ के दौरान भी किया जाएगा।



## 24 घंटे पानी के अंदर निगरानी

उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले हफ्ते कहा था कि संगम स्नान के दौरान हर व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत व्यवस्था की गई है। पानी के नीचे नजर रखने वाले ये ड्रोन संभवत: चौबीसों घंटे निगरानी करेंगे। ये कम रोशनी में भी प्रभावी ढंग से काम कर सकते हैं।

## हाल ही में लॉन्च किया गया इस खास ड्रोन को

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 100 मीटर की गहराई पर काम करने की क्षमता वाले ये ड्रोन किसी भी परिस्थिति में सटीक जानकारी देने में सक्षम हैं। पुलिस महानिरीक्षक (पूर्वी क्षेत्र, प्रयागराज) राजीव नारायण मिश्रा ने उच्च गति वाले एवं पानी के नीचे तैनात किए जाने ड्रोन को हाल में लॉन्च किया।

**पानी के अंदर 100 मीटर तक गोता लगा सकता है ड्रोन**

उन्होंने कहा, 'यह अत्याधुनिक ड्रोन 100 मीटर तक गोता लगा सकता है और 'एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र' को तुरंत रिपोर्ट भेज सकता है।' उन्होंने कहा, 'इसे असीमित दूरी से संचालित किया जा सकता है और यह जल के नीचे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या घटना के बारे में सटीक जानकारी प्रदान करता है, जिससे तत्काल कार्रवाई की जा सकती है।'

**700 से अधिक नौकाओं की होगी तैनाती**

इसके अलावा, पानी पर नजर रखने के लिए पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) , एनडीआरएफ और एसडीआरएफ कर्मियों के साथ 700 से अधिक नौकाएं भी तैनाती के लिए तैयार रहेंगी। सरकार ने कहा कि सुरक्षा बढ़ाने के लिए रिमोट-नियंत्रित 'लाइफबॉय' (सुरक्षा यंत्र) की बड़े पैमाने पर तैनाती की गई है।